राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 66, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 22 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों के साथ नांगलोई मेट्रो से टीकरी बॉर्डर तक की सड़क का किया .... पेज 03

कुशीनगर : पुलिस और अंतराज्यीय पंखिया गिरोह में हुई मुठभेड़, चार बदमाश गिरफ्तार .... पेज 05

भारत ने बांग्लादेश को 1-0 से हराया, छेत्री ने 85वें मिनट में किया मैच का एकमात्र गोल .... पेज 07





नई दिल्ली में आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों के साथ बातचीत के दौरान कुलियों की ट्रेडमार्क लाल शर्ट और बैज पहने हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने सिर पर सामान रखे हुए।

# यूपी के इकोनॉमिक ग्रोथ की उपलब्धि सराहनीय : राष्ट्रपति

## ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के इकोनॉमिक ग्रोथ की उपलब्धि सराहनीय है। प्रदेश ना सिर्फ भारत में सबसे तेजी से बढ़ती हुई राज्य अर्थव्यवस्था है बल्कि देश के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने के संकल्प को पूरा करने में यूपी का योगदान अहम है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम का प्रयास सराहनीय है। ये बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित पांच दिवसीय यूपी




इंटरनेशनल ट्रेड शो के शुभारंभ के अवसर पर कही। उन्होंने ट्रेड शो में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए यहां आयोजित प्रदर्शनी को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

### राष्टपति ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा

राष्ट्रपति ने कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए यूपी के उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाने का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ट्रेड शो में 2000 से अधिक निर्माता अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं। स्थापित औद्योगिक घरानों से लेकर नये उद्यमियों और विभिन्न दूतावासों के प्रतिनिधि यहां मौजूद हैं, जिससे यहां के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। उत्तर प्रदेश ने पिछले 6 साल में देश के आर्थिक विकास में अपना विशेष योगदान दिया है। यूपी की जीडीपी 2016-17 में 13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22 लाख करोड़ पहुंच गई है। इकोनॉमिक ग्रोथ की ये उपलब्धि नि:संदेह सराहनीय है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में यूपी ने आर्थिक विकास और निवेश के क्षेत्र में नये कदम उठाए हैं। निवेश को सरल, व्यापार को सुगम बनाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को गति देने के परिणाम स्वरूप यूपी आज देश में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है।

# कनाडा आतंकवादियों का सुरक्षित ठिकाना : भारत

नयी दिल्ली। सरकार ने कनाडा को आतंकवादियों की सुरक्षित पनाहगाह ठहराते हुए गुरुवार को कहा कि कनाडा की ओर से खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत को एक भी सबूत नहीं दिए गए जबकि भारत द्वारा कनाडा की धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों के कई सबूत मुहैया कराने के बावजूद वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में कहा कि उनकी राय में कनाडा सरकार पूर्वाग्रह से ग्रस्त हैं तथा उसने भारत पर



जो भी आरोप लगाए हैं, वे राजनीति से प्रेरित हैं।

एक सवाल पर प्रवक्ता ने बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की जी-20 शिखर-सम्मेलन के लिए हाल की भारत यात्रा के दौरान श्री ट्रूडो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात में निज्जर की हत्या का मामला उठाया था और भारत की भूमिका की बात कही थी जिसे श्री मोदी ने खारिज कर दिया था।

यह पूछे जाने पर कि क्या कनाडा ने भारत उन घटनाओं के बारे में कोई प्रमाण या साक्ष्य दिए हैं , जिन्हें लेकर वह भारत पर दोषारोपण कर रहा है, प्रवक्ता ने साफ शब्दों में कहा कि कनाडा ने भारत को निज्जर की हत्या में भारतीय हाथ होने के बारे में कोई सबूत नहीं दिए हैं जबकि भारत ने निज्जर और कई अन्य लोगों के बारे में कई बार सबूत दिए गए लेकिन कनाडा सरकार की ओर कुछ नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि कनाडा में हिंसा और अपराध चरम पर है तथा आतंकवादियों, चरमपंथियों और अपराधियों की पनाहगाह बन गई है और वहां उन्हें वित्तीय सहायता मिलती है।

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि कनाडा सरकार आतंकवादियों, चरमपंथियों और संगठित अपराध में लिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करे अथवा उन्हें भारत में प्रत्यर्पित करे ताकि वे यहां न्याय प्रक्रिया का सामना कर सकें।

### भारत के मेडिकल स्टूडेंट्स विदेश में कर सकेंगे प्रैक्टिस

नई दिल्ली। देश के मेडिकल स्टूडेंट्स अब विदेश में भी डॉक्टरी की प्रैक्टिस कर सकते हैं। नेशनल मेडिकल कमीशन को वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेडिकल एजुकेशन की तरफ से मान्यता मिल गई है। इसमें भारत के भी 706 मेडिकल कॉलेजों के छात्र शामिल हैं। भारत के छात्र अब यहां की डिग्री के साथ दूसरे देश जैसे यूएस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में भी वे मरीजों का इलाज कर पाएंगे। अभी तक एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले छात्र केवल भारत में ही डॉक्टरी की प्रैक्टिस कर सकते थे।

# मणिपुर में पुलिस स्टेशनों, अदालतों पर भीड़ का धावा

## प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े,10 से ज्यादा घायल

इंफाल। मणिपुर में गुरुवार को पुलिस स्टेशनों और अदालतों पर धावा बोलने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े और स्टंट बम दागे। इसमें 10 से अधिक लोग घायल हो गए।

प्रदर्शनकारी 16 सितंबर को गिरफ्तार किए गए पांच युवकों की बिना शर्त रिहाई की मांग कर रहे थे। एहतियात के तौर पर राज्य सरकार ने इंफाल के दोनों जिलों में शाम पांच बजे से कर्फ्यू में ढील रद्द कर दी है।

छह स्थानीय क्लबों और मीरा पैबिस के आह्वान पर हाथों में तख्तियां लिए और नारे लगाते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर आ गए। इन लोगों ने इंफाल पूर्व में पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन और इंफाल पश्चिम जिले में सिंगजामेई पुलिस स्टेशन और क्काकीथेल पुलिस चौकी में घुसने की कोशिश की।.



### 16 सितंबर को पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया था

16 सितंबर को मणिपुर पुलिस ने अत्याधुनिक हथियार रखने और पुलिस की वर्दी पहनने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने एक बयान में कहा कि पांचों को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। अतिरिक्त सचिव गृह एम प्रदीप सिंह ने कहा था कि 5 युवकों को विशेष पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था। वारदात के वक्त वे पुलिस कमांडो की वर्दी में थे। उनमें से एक पर यूएपीए लगाया गया है। हिंसा के मद्देनजर शाम को राज्य सरकार ने इंफाल के दोनों जिलों में कर्फ्यू में ढील रद्द कर दी। इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार, 21 सितंबर को सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई थी, जिसे शाम 5 बजे से वापस ले लिया गया है। आम जनता की आवाजाही पर बैन सभी क्षेत्रों में लागू किया गया है।

## देश के दुश्मनों को चैनल पर डिबेट में न बुलाएं

नई दिल्ली। कनाडा के साथ चल रहे राजनयिक विवाद के बीच सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक सख्त रिमाइंडर (एडवाइजरी) जारी किया है। इसमें सरकार ने टीवी चैनलों से देश के दुश्मनों को डिबेट में न बुलाने की सलाह दी है। एडवाइजरी में मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में ऐसे व्यक्ति को टीवी पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया था जिस पर अपराध के गंभीर मामले दर्ज हैं। और जो कानूनन बैन संगठन से जुड़ा है। उक्त व्यक्ति ने टीवी पर कई टिप्पणियां कीं जो देश की संप्रभुता/अखंडता, भारत की सुरक्षा, एक देश के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए हानिकारक थीं। उससे देश में पब्लिक ऑर्डर को बिगाड़ सकता था। एडवाइजरी में कहा गया है कि टेलीविजन चैनलों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे बैकग्राउंड के लोगों को उनके एजेंडा के लिए कोई भी मंच देने से बचें। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जिनके खिलाफ गंभीर अपराध/आतंकवाद के आरोप हैं।




भिलाई में पार्टी के 'महिला समृद्धि सम्मेलन' के दौरान एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी।

# रेलवे ने दुघर्टना मुआवजा राशि 10 गुना बढ़ाई

## हादसे में जान गई तो 50 हजार की जगह 5 लाख मिलेंगे

### रेलवे की गलती से एक्सीडेंट होने पर सहायता राशि दी जाएगी

सर्कुलर के मुताबिक, रेलवे की गलती की वजह से अगर किसी का रेलवे गेट पर एक्सीडेंट हो जाता है तो वो भी मुआवजा पाने के लिए मान्य होगा। हालांकि, रेलवे स्टेशन पर करंट लगने से किसी की मौत होती है तो सहायता राशि नहीं दी जाएगी।

नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड ने रेल दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा को 10 गुना बढ़ा दिया है। अब अगर ट्रेन हादसे में किसी की मौत हो जाती है तो उसके परिजन को 50 हजार रुपए की जगह 5 लाख रुपए सहायता राशि मिलेगी।

गंभीर घायल व्यक्ति को 25 हजार रुपए की जगह 2.5 लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही मामूली चोट लगने पर 5 हजार की जगह 50 हजार रुपए का मुआवजा मिलेगा।

रेलवे ने कहा कि अगर किसी ट्रेन में आतंकी हमला, डकैती या फिर किसी भी तरह का हिंसक हमला होता है तो उनके पीड़ितों को भी मुआवजा दिया जाएगा।

रेलवे बोर्ड ने 18 सितंबर 2023 को एक सर्कुलर जारी करके मुआवजा राशि बढ़ाने की जानकारी दी थी। अब इसे लागू कर दिया गया है। ये नियम 18 सितंबर से लागू कर दिए गए हैं। इससे पहले 2012-2013 में इस राशि में संशोधन किया गया था।

### घायलों के अस्पताल का खर्चा भी सरकार उठाएगी

रेलवे ने कहा कि अगर कोई घायल अस्पताल में तीस दिन से ज्यादा भर्ती रहता है तो उसका बिल सरकार देगी। मरीज कितना गंभीर रूप से घायल हुआ है, उस आधार पर प्रतिदिन 3,000, 1,500 और 750 रुपए का खर्च मिलेगा।

यह पैसा भर्ती होने के 10 दिन का समय पूरा होने पर या फिर डिस्चार्ज होने के बाद दिए जाएंगे। आतंकी हमला, डकैती या फिर किसी तरह की हिंसक घटना पर प्रतिदिन के हिसाब से 1,500 या 750 रुपए दिए जाएंगे।

### पंजाब में गोल्डी बराड़ के साथियों पर रेड

अमृतसर। कनाडा और यूके में बैठकर अपना नेटवर्क चला रहे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के करीबियों को पकड़ने के लिए गुरुवार पंजाब पुलिस एक्शन में दिखी। पंजाब भर में सुबह 7 बजे सीक्रेट ऑपरेशन शुरू किया गया। पंजाब में 1159 ठिकानों पर गुरुवार पुलिस ने रेड की है। रेड में पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर, 30 को हिरासत में लिया है। एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर अर्पित शुक्ला ने कहा कि मोस्ट वांटेड गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के सहयोगियों पर छापे मारे गए। इस ऑपरेशन में 2500 पुलिसकर्मी मौजूद रहे। जिसमें एक व्यक्ति को 125 ग्राम हेरोइन, .32 बोर पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। जबकि 30 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एडीजीपी शुक्ला का कहना है कि पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन रखने के लिए पंजाब पुलिस हर संभव कदम उठा रही है।

# महिला आरक्षण बिल राज्यसभा से भी पास

## उच्च सदन में 215 वोटों के साथ पास हुआ विधेयक

लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के प्रावधान वाला 128वां संविधान संशोधन विधेयक गुरुवार को राज्यसभा में चर्चा के बाद पारित हो गया। विधेयक के पक्ष में 215 सदस्यों ने वोट किया, जबकि विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा। इससे पहले महासचिव पीसी मोदी ने सदस्यों को वोटिंग की प्रक्रिया समझाई। अब इस बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इस विधेयक का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम हो जाएगा। बता दें कि इस विधेयक को बुधवार को ही लोकसभा से मंजूरी मिल गई थी। इससे पहले पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने अपनी-अपनी बात रखी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राज्यसभा में मौजूद रहे।



### बढ़ जाएगी महिलाओं की ताकत

मेघवाल ने विधेयक को पेश करते हुए कहा कि यह विधेयक महिला सशक्तीकरण से संबंधित विधेयक है। इसके कानून बन जाने के बाद 543 सदस्यों वाली लोकसभा में महिला सदस्यों की मौजूदा संख्या (82) से बढ़कर 181 हो जाएगी। इसके पारित होने के बाद विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को लागू करने के लिए जनगणना और परिसीमन की जरूरत होगी।

उन्होंने कहा कि जैसे ही यह विधेयक पारित होगा तो फिर परिसीमन का काम निर्वाचन आयोग तय करेगा। मेघवाल ने पिछले नौ वर्षों में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए उपायों को याद किया।

### महिला सांसदों ने किया संचालन

महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान महिला सांसदों ने सदन का संचालन किया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने पीटी उषा, जया बच्चन (सपा), फौजिया खान (राकांपा), डोला सेन (तृणमूल कांग्रेस) और कनिमोई एनवीएन सोमू (द्रमुक) सहित कई महिला सांसदों को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इन महिला सांसदों ने चर्चा के दौरान बारी-बारी से सदन की कार्यवाही का संचालन किया। राज्यसभा में विधेयक पर चर्चा के लिए साढ़े सात घंटे का समय दिया गया था साथ ही भोजनावकाश का समय समाप्त कर दिया गया था।

गैंगरेप -लूट

## हथियारों के बल पर परिवार को बंधक बनाया; पूरी रात की दरिंदगी, चौथी बीमार पीड़िता ने तोड़ा दम

# हैवानियत : पानीपत में 3 महिलाओं से गैंगरेप-लूटपाट

पानीपत। हरियाणा के पानीपत जिले में 4 बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। मतलौडा थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित डेरा और मछली फॉर्म हाउस पर काम करने वाली महिलाओं को बदमाशों ने अपनी हवस का शिकार बनाया। इनमें से एक महिला की मौत हो गई। मृतका महिला लंबे समय से बीमार थी।

यही नहीं बदमाशों ने हथियारों के बल पर पर प्रवासी मजदूरों के साथ मारपीट कर पैसे भी छीन लिए। उन्होंने परिवार के पुरुष, बच्चों को बंधक बनाकर महिलाओं के साथ गैंगरेप किया। गैंगरेप का शिकार हुई महिलाओं की उम्र 24, 25 व 35 साल



है। जबकि मृतका 45 वर्षीय थी।

### अचानक घुस गए डेरे में

पीड़ित परिवार की महिला ने बताया कि गांव से दूर डेरे में परिवार सहित रहते हैं। रात लगभग एक बजे चार नकाबपोश युवक उनके डेरे में घुस गए। उनके पास चाकू व पिस्तौल थी। उन्होंने हथियार के बल पर परिवार के तीन पुरुषों व बच्चों को हाथ पैर बांधकर एक कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद महिलाओं को जबरदस्ती खींचकर बाहर बरामदे में ले आए। चारों ने हथियार के बल पर पूरी रात महिलाओं के साथ गैंगरेप किया। शोर मचाने पर पिस्तौल से जान से मारने की धमकी दी। सुबह 4 बजे तक महिलाओं के साथ दरिंदगी की। उसके बात जाते हुए महिलाओं को भी कमरे में बंद कर दिया। बदमाश 13 हजार की नकदी, चांदी का पायजेब लूट ले गए हैं। घर पर रखी नकदी भी लूट कर ले गए। सुबह 5 बजे महिला ने जानकर किसान को फोन करके घटना के बारे में बताया तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर बंधक परिवार को कमरे से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही मतलौडा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय व डीउसपी कृष्ण कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस महिलाओं को मेडिकल के लिए पानीपत के सामान्य अस्पताल में लेकर गई। एफएसएल की टीम द्वारा भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए।

### पहले मजदूर से की थी मारपीट, पत्नी की पिटाई से मौत

वहीं, पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि बदमाशों ने इस डेरे से पहले वहां से कुछ दूरी स्थित एक मछली तालाब पर रह रहे मजदूर के साथ भी मारपीट की और उससे 5 हजार रुपए लूट लिए। इतना ही नहीं, उसकी 45 वर्षीय पत्नी के साथ भी मारपीट की। जिससे उसकी मौत हो गई।

# भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा बंद किया

## सरकार ने कहा- हमारे डिप्लोमेट्स को धमकी मिल रही, सुरक्षा कारणों से यह फैसला किया

ओटावा। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं सस्पेंड कर दीं।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरंदिम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज सस्पेंड की गई हैं।

### भारत ने एडवाइजरी में सतर्क रहने को कहा था

इससे पहले, भारत के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कनाडा में रहने




वाले अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी। जिसमें कहा गया था- कनाडा में जारी भारत विरोधी एक्टिविटीज के मद्देनजर वहां रहने वाले या वहां की यात्रा पर जाने वाले नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वो बहुत सतर्कता बरतें।

एडवाइजरी में कहा गया था- हालिया वक्त में देखा गया है कि कनाडा में मौजूद इंडियन डिप्लोमैट्स और इंडियन कम्युनिटी के एक खास तबके को धमकियां दी जा रही हैं। ये वो लोग हैं जो भारत विरोधी एजेंडे का विरोध करते हैं। कनाडा में बिगड़ते हुए सुरक्षा हालात के मद्देनजर वहां मौजूद इंडियन स्टूडेंट्स को सबसे ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि इंडियन कम्युनिटी और स्टूडेंट्स हाईकमीशन और कॉन्स्युलेट्स की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मंगलवार को कनाडा ने भी अपने नागरिकों को भारत के कुछ खास हिस्सों में न जाने के लिए एडवाइजरी जारी की थी।

दूसरी तरफ बुधवार को खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा में रह रहे हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी दी थी। इस पर कनाडाई हिंदुओं ने जस्टिन ट्रूडो सरकार को चिट्ठी लिखी है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
शुक्रवार 22 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शिवराज उज्जैन में प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस का करेंगे शुभारंभ



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कल उज्जैन में प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम तथा विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा समारोह में विशेष रूप से शामिल होंगे। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में चौहान द्वारा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ के 3 लाख से अधिक युवाओं को 2300 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण की शुरुआत कर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।


# आदिगुरु शंकराचार्य की 108 फीट की प्रतिमा का अनावरण

### सीएम शिवराज और संतों ने परिक्रमा की; अद्वैत लोक के लिए आधारशिला रखी

खंडवा। ओंकारेश्वर में ओंकार पर्वत पर स्थापित आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण गुरुवार को हो गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वामी अवधेशानंद गिरी और दूसरे संतों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इसका अनावरण किया। संत और ष्ट्रूअस्थायी एलिवेटर से 75 फीट ऊपर पहुंचे। पूजा के बाद प्रतिमा की परिक्रमा की।

प्रतिमा स्थल के करीब ब्रह्मोत्सव में 5 हजार साधु-संत जुटे हैं। यहां अद्वैत लोक के लिए भूमिपूजन हुआ और सीएम ने इसकी आधारशिला रखी। इसके बाद आरती की। यह 2026 तक बनकर तैयार होगा।

ओंकार पर्वत (मांधाता पर्वत भी) की 11.5 हेक्टेयर जमीन पर अद्वैत लोक आकार ले रहा है। इसी के मध्य में आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां अद्वैत लोक (शंकर संग्रहालय) और आचार्य शंकर अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान की स्थापना भी की जा रही है।



#### 75 फीट ऊंचे प्लेटफॉर्म पर स्थापित है 108 फीट की प्रतिमा, वजन 100 टन

108 फीट ऊंची यह प्रतिमा एकात्मकता का प्रतीक है। इसे स्टैच्यू ऑफ वननेस का नाम दिया गया है। आदि शंकराचार्य की ये प्रतिमा 12 साल के आचार्य शंकर की झलक है। इसी उम्र में वे ओंकारेश्वर से वेदांत के प्रचार के लिए निकले थे। प्रतिमा 100 टन वजनी है और 75 फीट ऊंचे प्लेटफॉर्म पर स्थापित है। 88 प्रतिशत कॉपर, 4 प्रतिशत जिंक और 8 प्रतिशत टिन को मिलाकर बनाई गई है। इसके 290 पैनल निर्माण कंपनी एलएंडटी ने जेटीक्यू चाइना से तैयार कराए हैं। सभी 290 हिस्सों को ओंकारेश्वर में लाकर जोड़ा गया है।

#### कर्नाटक के श्रृंगेरी मठ से आई 112 फीट की रुद्राक्ष माला

श्रृंगेरी शारदा पीठ से आदिगुरु शंकराचार्य के लिए 112 फीट की माला लाई गई। माला 10 हजार रुद्राक्ष से बनी है।

सभी पांचमुखी रुद्राक्ष हैं। सीएम ने कहा, आधिगुरु फिर पधार गए हैं। उनके चरणों में प्रणाम। उपयुक्त अवसर पर यह माला आदिगुरु को पहनाई जाएगी। अभी सुरक्षित रखते हैं। मठ की ओर से पादुका भी आएगी। श्रृंगेरी शारदा पीठ कर्नाटक में चिकमगलूर जिले के श्रृंगेरी में है।

# संविधान में बदलाव के लिए लोस में दो तिहाई बहुत जरूरी : उमर

एजेंसी

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि संविधान में आसानी से संशोधन नहीं किया जा सकता, क्योंकि इसमें बदलाव करने के लिए लोकसभा में दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है।

उमर ये बातें कांग्रेस के उन आरोपों के जवाब में कही, जिसमें कहा गया है कि संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द हटा दिया गया है।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के हंडवाड़ा में संवाददाताओं से कहा कि संविधान में आसानी से बदलाव नहीं किया जा सकता है क्योंकि इसके लिए लोकसभा में दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है।

उन्होंने कहा, जैसा कि मुझे जानकारी है कि किसी शब्द को हटाने के लिए लोकसभा या राज्यसभा में कोई मतदान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने न्यायापालिका में कहा है कि यह ऐतिहास कार्य है। उन्होंने सभी को



तिहास संविधान दिया है। अगर यह सही है, तो हमें कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर यह संवैधानिक चालाकी है, तो यह देश के लिए ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा, हमने हमेशा कहा है कि यदि जम्मू-कश्मीर देश के साथ जुड़ा हुआ है, तो वह महात्मा गांधी के भारत से, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) तथा संघ परिवार से नहीं है।

संवाददाताओं ने जब उनसे सवाल किया कि उपराज्यपाल कर रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर की 80 फीसदी लोग केंद्र के शासन को चाहते हैं। इस सवाल के जवाब में श्री उमर ने कहा कि वे प्रदेश में चुनाव नहीं करता चाहते हैं।

उन्होंने कहा, जहां पर भी नेशनल कॉन्फ्रेंस रैली का आयोजन करती है, वहां काफी संख्या में लोग जुटते हैं...अगर 80 फीसदी आबादी प्रदेश में चुनाव कराए जाने के खिलाफ है, तो चुनाव कराइए, हम देख लेंगे कि 80 फीसदी लोग इसका बहिष्कार कर देंगे। इसके बाद उपराज्यपाल फिर से सत्ता को अपने हाथ में ले लेंगे।

उच्चतम न्यायालय में अनुच्छे 370 को लेकर हो रही सुनवाई को लेकर उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि हम क्या कर सकते हैं।अब हमें न्याय की उम्मीद है।

## कश्मीर में डीएसपी भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) रैंक के एक अधिकारी को यहां भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच के लिए साउथ सिटी के पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। वर्ष 2015 के कश्मीर पुलिस सेवा अधिकारी डीएसपी शेख आदिल मुश्ताक को नौगाम ,श्रीनगर थाने में दर्ज मामले की जांच के तहत आज गिरफ्तार किया गया। इससे पहले मंगलवार को उनके घर की तलाशी ली गयी थी। उन्होंने बताया कि डीएसपी



को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर छह दिनों के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में भी गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

## अंकिता भण्डारी हत्या मामला : महिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित दो नेत्रियों ने सिर मुंडाये

**उत्तराखण्ड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें लगातार बढती जा रही हैं**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस लगातार अंकिता भण्डारी मामले में न्याय दिलाने की मांग अपने हर आंदोलन, प्रदर्शन में कर रही है। गुरुवार को प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला एवं महामंत्री शिवानी थपलियाल मिश्रा ने अंकिता के मामले में न्याय दिलाने के लिए अपना सिर मुडवा कर राज्य एवं केन्द्र सरकार के नीतियों के खिलाफ देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया।

रौतेला ने कहा कि कांग्रेस उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराये जाने की मांग लगातार करती आ रही है, लेकिन आज तक उनके परिवार को न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि अंकिता हत्याकाण्ड में वीआईपी का नाम अभी तक उजागर नही हो पाया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि अंकिता हत्याकाण्ड मानवता के लिए शर्मसार करने वाला तथा देवभूमि उत्तराखण्ड की अस्मिता को कलंकित करने वाली घटना है। जिसके लिए दोषियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। ताकि ऐसा अपराध करने वालों को सबक मिल सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें लगातार बढती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता के रिजार्ट में राज्य की बेटी अंकिता के साथ हुई जघन्य अपराध की घटना के उपरान्त, सरकार द्वारा रातोंरात सबूत नष्ट करने का काम किया गया उससे स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार में अपराधियों को खुला संरक्षण दिया जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### वांछित फौजी ढ़ाबा के मालिक पर 25000 रुपये का इनाम घोषित

बाजपुर/नैनीताल। उत्तराखंड की ऊधमसिंह नगर पुलिस ने केलाखेड़ा के फरार फौजी ढाबा के मालिक हरपाल सिंह पर 25000 रुपये का इनाम घोषित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केलाखेड़ा के राष्ट्रीय राजमार्ग-74 (एनएच-74) पर स्थित फौजी ढाबा में ढाबा मालिक और कर्मचारियों की ओर से कुछ दिन पहले चोरी के आरोप में दो युवकों रिजवान और अनीश के साथ मारपीट कर दी गयी थी। इसमें से अनीश की उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। केलाखेड़ा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 304 और 34 के तहत अभियोग पंजीकृत कर इस घटना में शामिल ढाबा के कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन ढाबा मालिक हरपाल सिंह फरार हो गया था। आरोपी तभी से फरार है। वह पुलिस पकड़ से बचने के लिये लगातार ठिकाने बदल रहा है। ऊधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ के अनुसार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और उसकी गिरफ्तार के लिये 25000 रुपये का इनाम घोषित कर दिया।

### बीजद ने विधायक सुधांशु शेखर परीदा, सौम्य रंजन पटनायक को पार्टी से निकाला

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल (बीजद) ने आज दो विधायकों सुधांशु शेखर परीदा और सौम्य रंजन पटनायक को जन विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के मामले में पार्टी से निकाल दिया है। राज्य के मुख्यमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने गुरुवार को दोनों पार्टी विधायकों की निष्कासन की घोषणा एक संवाददाता सम्मेलन में की। पटनायक के हस्ताक्षर से जारी निष्कासन पत्र में कहा गया है कि रेमुना के विधायक पूर्व में मैसर्स निगमानंद एशोसिएट्स नाम की बालासोर की एक कंपनी में प्रबंध भागीदार के रूप में कार्य करते हुए। कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर 2017-20 के बीच किसानों के लिए सरकार द्वारा जारी तीन करोड़ से अधिक की सब्सिडी का गबन किया है। इस मामले की राज्य सतर्कता विभाग से जांच करायी जा रही है। खंडापाड़ा क्षेत्र से निर्वाचित सौम्य रंजन पटनायक के विरुद्ध संवाद अखबार के एक पूर्व कर्मचारी ने धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार कुछ अन्य आरोपों में प्राथमिकी दायर की है और उनके खिलाफ ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने भी मामला दर्ज किया है। संवाद के और पूर्व कर्मचारियों ने भी उनके खिलाफ इस जांच एजेंसी से शिकायतें कर रखी हैं।

### स्टालिन ने महिला आरक्षण विधेयक का किया स्वागत

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटें प्रदान करने वाले महिला आरक्षण विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि आगामी लोकसीभा चुनाव में हार के डर से केंद्र भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने इस विधेयक को पारित किया है। स्टालिन ने कल रात यहां जारी एक बयान में कहा कि वह हमेशा से इस मुद्दे का समर्थन कर रहे हैं। तमिलनाडु इसे लागू करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने जनसंख्या गणना और परिसीमन के जरिए दक्षिण भारत से लोकसभा सीटों की संख्या कम करने को 'राजनीतिक साजिश' करार देते हुए सत्तारूढ केन्द्र सरकार को हराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोगों को आश्वस्त करना चाहिए कि परिसीमन की आड़ में दक्षिण भारत के लोगों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री से दक्षिण भारतीय लोगों का डर दूर करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने आरोप लगाया, जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं और भाजपा को हार का डर सता रहा है, उसने खुद को यह दिखाने के लिए कि यह एक उपलब्धि है 33प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया है।

### हिमाचल विधानसभा में पिछली जयराम सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप, श्वेत पत्र प्रस्तुत

शिमला। हिमाचल विधानसभा सदन में गुरुवार को पिछली जयराम सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए श्वेत पत्र प्रस्तुत किया। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह जानकारी दी। अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा कर्जा लेने वाले राज्यों में हिमाचल प्रदेश पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। यह श्रेणी बड़े और छोटे सभी राज्यों की है। राज्य के कर्ज लेने की स्थिति यह हो गई है कि हिमाचल देश के सभी छोटे-बड़े राज्यों में कर्ज लेने में पांचवे स्थान पर पंहुच गया है। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम साल यानी चुनावी साल में 16261 करोड़ का कर्ज लिया और ये कर्ज प्रदेश के विकास के लिए नहीं बल्कि चुनाव जीतने के लिए खर्च किया पर उसके बावजूद भाजपा चुनाव नहीं जीत पाई। अंतिम साल में लिए इस कर्ज को भाजपा ने अमृत महोत्व, प्रगितशील हिमाचल , जनमंच या 75 साल पूरा गोने के कायर्क्रमों में खर्च कर दिया। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अकेले अमृत महोत्सव समारोह पर सरकार ने सात हजार करोड़ खर्च डाले। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम की बसों का 8500 करोड़ रुपये की देनदारियां अभी भी लंबित है।

# त्रिपुरा ई-कैबिनेट वाला देश का चौथा राज्य बना

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने प्रशासन के डिजिटलीकरण कार्यक्रम के तौर पर मंत्रिपरिषद की कागज रहित बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही त्रिपुरा ई-कैबिनेट वाला देश का चौथा राज्य बन गया है।

सरकार के प्रवक्ता सुशांत चौधरी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। त्रिपुरा सरकार ई-विधानसभा पहल के तहत पहले ही विधानसभा की कार्यवाही को डिजिटल मोड में कर चुकी है। प्रदेश के नागरिक सचिवालय और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालयों के प्रशासन में स्मार्ट व्यवस्था में ई-ऑफिस के लिए काम चल रहा है और बहुत जल्द त्रिपुरा



डिजिटल प्रशासन को लेकर एक मील का पत्थर स्थापित कर लेगा।

उन्होंने कहा, हम सरकारी कामकाज में पूर्ण पारदर्शिता लाने और त्रिपुरा में नागरिक-अनुकूल शासन की सुविधा के लिए स्मार्ट (विशिष्ट, मापने योग्य, प्राप्त करने योग्य, प्रासंगिक और समयबद्ध) प्रशासन के एक मॉड्यूल पर काम कर रहे हैं, जो एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने बताया कि ई-कैबिनेट के बारे में फैसला बुधवार को हुई मंत्रिपरिषद के बैठक में लिया गया। इसके साथ ही त्रिपुरा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा अरुणाचल प्रदेश के बाद कागज मुक्त मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित करने वाला चौथा राज्य बना गया।

चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के आह्वान का तहे दिल से जवाब दिया है और त्रिपुरा में लगभग सभी सार्वजनिक सेवाओं को पहले ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डाल दिया गया है और जो कुछ बचा है वह ई-गवर्नेंस मॉड्यूल पर जल्द ही स्विच किया जाएगा।

चौधरी ने कहा, डिजिटल सेवाओं के लाभों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के अलावा हम पारंपरिक शासन (जो कलम और कागज द्वारा संचालित होती है) की पर्यावरणीय करण का प्रचार कर रहे हैं। इसके अलावा ई-सेवाएं और ई-गवर्नेंस प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना चाहते हैं, जिससे समस्याएं कम होंगी और कामकाज में तेजी आएगी।

## नायडू गिरफ्तारी मामला : विस में द्रमुक सदस्यों ने किया हंगामा

एजेंसी

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश विधानसभा में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) विधायकों ने मानसून सत्र के शुरुआती दिन गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी को लेकर जमकर हंगामा किया। तेदेपा सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर विस अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच गए और नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। नायडू करोड़ रुपये के आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम (एपीएसएसडीसी) घोटाले में कारागार में बंद हैं। तेदेपा सदस्यों ने विस अध्यक्ष तम्मिनेनी सीताराम से श्री नायडू की गिरफ्तारी के मुद्दे पर चर्चा की मांग की। तेदेपा सदस्य इस मांग को लेकर विस अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच गए और सीताराम की ओर कागज फेंके। सदन में कुछ समय तक हंगामा होते रहा। तेदेपा सदस्यों में पार्टी प्रमुख नायडू के खिलाफ दर्ज सभी मामलों को रद्द करने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

## हिमाचल में ठेकेदारों की लंबित भुगतान पर गरमाया सदन, किया बर्हिगमन

शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिन सदन में प्रश्नकाल के दौरान खूब हंगामा हुआ। विपक्षी विधायक रणधीर शर्मा ने सदन में ठेकेदारों की लंबित भुगतान का मामला उठाया।

विधायक के प्रश्न के जवाब पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि किसी भी ठेकेदार की लंबित भुगतान नहीं है। विपक्ष ने सरकार पर झूठे आंकड़े देने के आरोप लगाए और सदन के भीतर नारेबाजी करते हुए सदन की कार्यवाही से बर्हिगमन किया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद से ठेकेदारों के भुगतान को सरकार ने रोक दिया है। जिससे मजदूर वर्ग परेशान हो रहा है। सरकार ने कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को भुगतान किया है जबकि कुछ ठेकेदारों को जानबूझकर भुगतान नहीं किया है।

विपक्ष ने सदन में मुद्दा उठाया तो मुख्यमंत्री गलत जानकारी देकर सदन को गुमराह कर रहे हैं जो विपक्ष को बर्दास्त नहीं है। इसलिए विपक्ष ने सदन की कार्यवाही से बहिर्गमन किया।

### ट्रेक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो छात्रों की मौत

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के बड़लियास थाना इलाके में गोठड़ा-बलियाखेड़ा रोड़ पर आज ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक पर सवार दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। उसे कोटड़ी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं दोनों शव कोटड़ी अस्पताल के ही शवगृह में रखवाये गये हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग जमा हो गये। हादसे की खबर से मृतक स्टूडेंट्स के गांव बलियाखेड़ा में शोक छा गया। पुलिस के अनुसार, कोटड़ी थाना इलाके के रेड़वास के स्कूल से पढ़ाई कर अपने गांव बलियाखेड़ा लौट रहे थे।

## बंगाल का 'किरीटेश्वरी' देश का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में किरीटेश्वरी को भारत का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया है।

बनर्जी ने 'एक्स' पर लिखा, यह साझा और घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में किरीटेश्वरी को पर्यटन मंत्रालय द्वारा भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में चुना गया है।

उन्होंने कहा कि किरीटेश्वरी गांव को



सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता, 2023 में चयन 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त 795 प्राप्त आवेदनों में से चयनित किया गया है। बनर्जी ने गांव के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि पुरस्कार 27 सितंबर को नयी दिल्ली में पर्यटन मंत्रालय द्वारा दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि लालबाग उपखंड में नबाग्राम ब्लॉक के अंतर्गत किरीटेश्वरी गांव 51 शक्तिपीठ मंदिरों में से एक है। यहा मुर्शिदाबाद जिला, गंगा की सहायक नदी भागीरथी के पूर्वी तट पर स्थित है। यह कभी बंगाल के प्रसिद्ध नवाबों का निवास स्थान था। इसके अलावा, यह बंगाल, बिहार और ओडिशा को शामिल करने वाले एक व्यापक क्षेत्र की प्रशासनिक राजधानी थी।

# हिमाचल में भांग की खेती शुरू करने पर विचार किया जाएगा

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में भांग की कानूनी खेती शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के लोगों की राय ली जाएगी।

इस संबंध में विधायकों की एक कमेटी बनाई गई है जिसे राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में बनाया गया है।

यह कमेटी चार देशों का दौरा करेगी। उसके बाद अपनी रिपोर्ट तैयार



करेगी। इस सदन में भी इस बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा। गुरुवार को सदन में सुलाह के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक विपिन सिंह परमार के सवाल पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री इस बारे में चिंतित हैं। पूरा सदन भी चिंतित है। उत्तराखंड में भांग की खेती एनडीपीएस एक्ट के तहत की जाती है। भांग की खेती को करने पर पुरजोर समर्थन कमेटी ने किया है। ग्वालियर में स्थापित भांग से दवाएं बनाने की जगह का भी दौरा किया है।

जम्मू और गुलमर्ग में की जा रही भांग की खेती के बारे में मालूम किया जा रहा है। इस बारे में नीदरलैंड और इजराइल जैसे देश बहुत आगे हैं। इस बारे में विचार-विमर्श किया जा रहा है कि यह खेती किस तरह से की जा सकती है। क्या शुरू करना है, क्या नहीं करना है, सदन में ही बारे में जानकारी दी जाएगी। इस बारे में प्रदेश की जनता की भी राय जानी जाएगी।

इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि भांग की खेती करेंगे तो यह कैसे सुनिश्चित करेंगे कि इसका दुरुपयोग न हो। यह उल्लेखनीय है कि बजट सत्र में भी यह मामला चर्चा के लिए आया था, उसके बाद सरकार ने एक कमेटी बनाई।

### मादक पदार्थों के कुख्यात दो तस्करों की बारह करोड़ की अवैध चल/अचल संपत्ति फ्रीज

जयपुर। राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में छोटी सादड़ी एवं सालमगढ़ पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध धारा 68 एफ(1) के तहत कार्रवाई कर लगभग 12 करोड रुपए की चल और अचल संपत्ति को फ्रीज एवं सीज कर दिया गया है। इस संबंध में केन्द्र सरकार की ओर से अधिकृत कंपिटेंट अथॉरिटी एवं एडमिनिस्ट्रेटर सफीना द्वारा अप्रूवल मिल गई है। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी है एवं प्रशंसा पत्र देने के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने बताया कि पिछले एक दशक में धारा 68 एफ एनडीपीएस एक्ट के तहत फ्रीजिंग की यह पहली बड़ी कार्यवाही है। कुख्यात तस्कर कमल राणा, कमलेश बैरागी, शैलेंद्र बैरागी और विष्णु बैरागी की मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित करीब 12 करोड रुपए की चल-अचल संपत्ति जप्त की गई है।

## गहलोत सरकार भष्ट्राचार से ओतप्रोत है : देवनानी

एजेंसी

अजमेर। राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री नेता वासूदेव देवनानी ने आरोप लगाया है कि राज्य में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर बड़ा राजनैतिक हमला बोलते हुए कहा है कि – भ्रष्टाचार से ओतप्रोत है। अजमेर शहर जिला भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री देवनानी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की 25 सितंबर को जन्म जयन्ती को राज्य में भाजपा की ओर से विधानसभा चुनाव का विधिवत आगाज होगा जिसे पं. जी की जन्मस्थली ददिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन मिलेगा । अजमेर उत्तर विधायक देवनानी ने कहा कि भाजपा की राज्य के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में निकली चार परिवर्तन संकल्प यात्रा ऐतिहासिक रही है। जनता का रूझान भाजपा की ओर है और वह कांग्रेस को सबक सिखाकर रहेगी।

# डीसीआरयूएसटी के विद्यार्थियों ने बनाया ड्रोन

सोनीपत। हरियाणा के दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के इंक्यूबेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने एक ऐसा ड्रोन बनाया है जो 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की हवा में भी स्थिर रह सकता है। ड्रोन बैटरी खत्म होने पर जीपीएस के माध्यम से अपने गंतव्य स्थान पर जा सकता है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भविष्य में सीमाओं के लिए सुरक्षा उपकरण बनाने पर कार्य प्रारंभ कर दिया है।

कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने गुरुवार को कहा कि स्वदेशी तकनीक के



माध्यम से हम भारत को आर्थिक तौर पर समृद्ध बना सकते हैं। वर्तमान में विश्व में वहीं देश अग्रणी देशों की श्रेणी में शामिल हैं, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने नए विचार लेकर आएं और उस पर कार्य करें,

### बैटरी खत्म होने पर आ सकता है वापस

विश्वविद्यालय की तरफ से प्रयास किए जाएंगे कि विद्यार्थियों की हर संभव मदद हो सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के इंक्यूबेशन सेंटर के साथ जल्द ही एक मीटिंग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूर्व में हुए कार्य व तथा भविष्य क्या क्या करने की योजना है। वंश बत्रा ने ये ड्रोन इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल की प्रेजिडेंट प्रो सुमन सांगवान व कोऑर्डिनेटर डॉ विकास नेहरा के मार्गदर्शन में बनाया है। इंक्यूबेशन सेंटर में थिंक बोट सोसायटी के विद्यार्थी वंश बत्रा के नेतृत्व में एक ड्रोन बनाया है। प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने माइक्रोकंट्रोलर का ड्रोन बनाने में उपयोग किया। इससे पहले के ड्रोन में आयी खामियों को दूर करके फ्लाइट कंट्रोलर लगाकर ड्रोन बनाया। ड्रोन की विशेषता यह है कि ये 10 से 15 किलोमीटर तेज गति की हवा में भी स्थिर रह सकता है। जीपीएस के माध्यम से ड्रोन अपने गंतव्य स्थान तक जाकर वापस आ सकता है।

## शार्ट न्यूज

### मानवता के कल्याण में विश्व शांति की भूमिका अहम : दयानंद वत्स



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ, दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में 41वें विश्व शांति दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि विश्व शांति दिवस का साफ सा संदेश है कि मानव कल्याण में विश्व शांति की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। विश्व शांति और सह- अस्तित्व के लिए के लिए सबको पहल करनी ही होगी। हिंसा और आतंकवाद मानव सभ्यता के लिए अभिशाप सिद्ध हो रहे.हैं। इससे भुखमरी और बेकारी बढ रही है। आने वाली पीढियां कुपोषित हो रही हैं। हथियारों की होड और विश्वयुद्ध के बढते खतरों से समूची मानवता खतरे में है। ऐसे में भारत ही दुनिया का एकमात्र ऐसा सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है जो शुरु से ही विश्व शांति का पक्षधर रहा है। भारत विश्व शांति के लिए वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। हमारी विराट दूरदृष्टि सारी दुनिया को अपना परिवार मानती है। वसुधैव कुटुम्बकम और जियो और जीने दो के सिद्धांत ही भारत को शांतिप्रिय राष्ट्रों की अग्रिम पंक्ति में खडा करते हैं।

### मशहूर कामेडियन स्व. राजू श्रीवास्तव को आज उनकी पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क के संस्थापक प्रधान संपादक दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में मशहूर कॉमेडियन स्वर्गीय राजू श्रीवास्तव की पहली पुण्यतिथि पर उनको अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि राजू श्रीवास्तव ने अपनी हास्य अभिनय कला से करोड़ों लोगों को हंसाया और गुदगुदाया। राजू ने कामेडी को ने आयाम दिए। सबको हंसाने वाले राजू श्रीवास्तव हमेशा लोगों के दिल में अमर रहेंगे।

### लोकमंच द्वारा आयोजित ई.एन.टी. (कान, नाक, गला) चेकअप कैम्प का आयोजन





**नोएडा।** गुरूवार को नोएडा लोकमंच द्वारा आयोजित ई.एन.टी. (कान, नाक, गला) चेकअप कैम्प का आयोजन संस्कार केन्द्र स्कूल, सर्फाबाद, सैक्टर 73, नोएडा, जनपद- गौतमबुद्ध नगर में किया गया। इस अवसर पर कैलाश अस्पताल के डाक्टरों की टीम डा. क्षितिज भट्टनागर (ई.एन.टी. स्पेशलिस्ट), डा. प्रदीप्ति नायक (वरिष्ठ विशेषज्ञ) ने 300 से अधिक स्कूली छात्रों का ई.एन.टी. (कान, नाक, गला) की जांचकर उन्हे दवाईयां भी उपलब्ध करायी। इस अवसर पर लोकमंच के अध्यक्ष महेश सक्सेना एवं उनकी टीम ने ई.एन.टी. (कान, नाक, गला) कैम्प को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### बाइक चोरी के विरोध पर व्यक्ति पर तानी पिस्टल

**मोदीनगर।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कादराबाद में बाइक चोरी के विरोध पर बदमाश ने व्यक्ति पर पिस्टल तान दी। व्यक्ति बाइक खड़ी कर मंदिर में गए थे। गनीमत रही कि बदमाश ने गोली नहीं चलाई। वरना बड़ी वारदात हो सकती थी। लेकिन खुलेआम इस तरह हथियार तानना कहीं ना कहीं पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। पीड़ित धर्मेंद्र निवाड़ी रोड के रहने वाले हैं। वह इलेक्ट्रीशियन हैं। वह बाइक से कादराबाद के मंदिर में आए थे। मंदिर के बाहर उन्होंने बाइक खड़ी की और अंदर चले गए। इसी बीच एक बदमाश वहां आया और पेचकस से लाक तोड़कर उनकी बाइक को चोरी करने की कोशिश करने लगा। धर्मेंद्र आरोपित की करतूत देख बाहर आ तो आरोपित भड़क गया। उसने पेचकस फेंककर पैंट से पिस्टल निकाल ली। धमकी दी कि यदि विरोध किया तो गोली मार देगा। पिस्टल देख धर्मेंद्र घबरा गए। बदमाश ने उनपर पिस्टल तानी तो वह मंदिर में चले गये। बदमाश भी वहां से फरार हो गया। घटना का वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ित धर्मेंद्र के मुताबिक, बदमाश का एक साथी थोड़ी दूरी पर खड़ा था।

### रफी मार्ग के फुटपाथ परसामान बेचने वाले हाकरों का कब्जा





**पैदल चलने वाले सड़क पर जान जोखिम में डालकर चलने पर मजबूर, नई दिल्ली नगर पालिका जानकर भी अनजान**

नई दिल्ली। पटेल चौक मैट्रो स्टेशन के गेट नंबर तीन से बाहर निकलते ही रफी मार्ग को जाने वाली सड़क के फुटपाथ पर पटरी पर सामान बेचने वाले हाकरों ने कब्जा जमा रखा है। पैदल चलने वाले सड़क पर जान जोखिम में डालकर चलने पर मजबूर हैं। पटेल चौक मैट्रो पार्किंग और यूएनआई न्यूज एजेंसी की दीवार के साथ के फुटपाथ को इस कदर कब्जा लिया है कि लगता ही नहीं कि यह नई दिल्ली नगर पालिका का क्षेत्र है। नई दिल्ली नगर पालिका के अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं। जी-20 सम्मेलन के दौरान भी इनकी दुकानें सजी थीं। आम जनता को ट्रैफिक के बीच सड़क पर चलना जोखिम भरा है। यहां से सभी हाकरों को हटाकर तत्काल फुटपाथ स्थायी रुप से खाली कराया जाना चाहिए।

### दो युवतियों से 50 लाख ठगे

नोएडा। पार्ट टाइम नौकरी कर लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर जालसाजों ने दो युवतियों से करीब 50 लाख रुपये की ठगी कर ली। दोनों पीड़ितों ने मामले की शिकायत साइबर थाने में दी है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। भंगेल निवासी निकिता ने पुलिस को बताया है कि उनके साथ 21 लाख 10 हजार रुपये की ठगी हुई है। जालसाजों ने कुल 28 बार अपने खाते में रकम ट्रांसफर कराई है। जब और पैसे निवेश करने का दबाव बनाया तो उन्हें ठगी की आशंका हुई। पैसे वापस मांगने पर जालसाजों उन्हें टेलीग्राम ग्रुप से बाहर कर दिया और उनका नंबर ब्लॉक कर दिया।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों के साथ नांगलोई मेट्रो से टीकरी बॉर्डर तक की सड़क का किया निरीक्षण

**सड़क की ख़राब हालत को लेकर अधिकारियों को लगाई फटकार**



**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने ऑन-ग्राउंड निरीक्षण को जारी रखते हुए गुरुवार सुबह रोहतक रोड पर नांगलोई मेट्रो से टीकरी बॉर्डर तक की सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि सड़क के कई हिस्से क्षतिग्रस्त है व ख़राब ड्रेनेज प्लान व आउटफॉल की समस्या होने के कारण यहाँ जल-जमाव की समस्या भी उत्पन्न होती है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और तुरंत पूरे रोड स्ट्रेच की समस्याओं की जाँच करते हुए उसे बेहतर बनाने का प्लान तैयार करने के निर्देश दिये।

उन्होंने संबंधित इंजीनियरों को कड़े शब्दों में कहा कि इंजीनियर्स सड़कों के मामले में ज़िम्मेदारी के साथ अपना काम करें अन्यथा एक्शन के लिए तैयार रहे। केजरीवाल सरकार में सड़कों को लेकर ऐसा लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

आज निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि, सड़क के बहुत से हिस्सों पर दरार है, कई जगहों पर सड़क टूटी हुई है, सड़क की सतह उखड़ी हुई है, फुटपाथ को भी रिपेयर की ज़रूरत है।

यहाँ ख़राब ड्रेनेज व आउटफॉल में समस्या के कारण सड़क के कई हिस्सों व सर्विस लेन में जलजमाव है। इस कारण सड़क तो क्षतिग्रस्त होती ही है साथ ही सड़क के कई हिस्सों में यातायात धीमा हो जाता है और लोगों को ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ता है।

इन समस्याओं को देख पीडब्ल्यूडी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और आदेश दिये कि पूरे रोड स्ट्रेच की बारीकी से जाँच की जाए और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। साथ ही प्लान तैयार किया जाए कि कैसे जल्द से जल्द पूरी सड़क को बेहतर रूप दिया जा सकता है ताकि यहाँ आवाजाही करने वाले लोगों की किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने निर्देश दिए कि ज़रूरत के अनुसार सड़क पर रिपेयर व रिकार्पेटिंग का काम किया जाए। सेंट्रल वर्ज व फुटपाथ का भी रिपेयर किया जाये और जलजमाव की समस्या को दूर करने के किए बेहतर ड्रेनेज प्लान तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जाए।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली की सड़कों को बेहतर बनाने का काम कर रही है। ऐसे में हम सड़कों की क्वालिटी के साथ कोई भी समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने चेताते हुए कहा कि सड़कों के मामले में इंजीनियर्स अपने काम को ज़िम्मेदारी के साथ निभाए और यदि इसमें लापरवाही देखने को मिली तो एक्शन के लिए तैयार रहें।

# चौथा 'नदी उत्सव' शुक्रवार से राजधानी में

नयी दिल्ली। भारत में नदियों के किनारों पर विकसित प्राचीन संस्कृति के प्रति नयी पीढ़ी की जागरुकता बढ़ाने और नदियों के स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करने के लिए राजधानी में शुक्रवार से तीन दिन का नदी उत्सव शुरु हो रहा है, जिसमें अन्य कार्यक्रमों के अलावा विषय से संबंधित 18 चुनिंदा फिल्में भी दिखाई जाएंगी।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) और राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं से बताया कि 2018 में शुरु की गयी नदी उत्सव परियोजना के तहत यह इस तरह का यह चौथा कार्यक्रम है।

राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण अभियान (एनएमसीएम) के सहायक निदेशक अभय मिश्रा ने संवाददाताओं से कहा, नदी उत्सव मुख्य रूप से एक वृत्तचित्र फिल्म उत्सव है। इस बार इसके लिए देश भर से सौ से ज्यादा फिल्में प्राप्त हुयी हैं। जिसमें हमने कमेटी ने बाहर की 12 फिल्मों/डॉक्यूमेंट्री का चयन किया है और छह फिल्में आईजीएनसीए ने बनाई हैं।

मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में दिखाई जाने वाली सभी फिल्में नदियों और पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ देश की प्राचीन नदी संस्कृति के संदेश देने वाली हैं। उन्होंने कहा, नदियां हमारी संस्कृति रही है। नदियों के साथ लोगों के जुड़ाव को बढ़ाने के प्रयास का हम अभिलेख बनाने की भी कोशिश कर रहे हैं।

नदी आधारित संस्कृति पर केन्द्रित इस परियोजना के माध्यम से हर साल एक नदी के किनारे बसे शहर में जाकर वहां पर 'नदी उत्सव' करेंगे।

उन्होंने बताया कि तीन-दिवसीय कार्यक्रम में विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया है। जिससे वे अपनी नदी को याद करके चित्रित कर सकें।

# रेप के आरोपी के पैर में पुलिस ने मारी गोली

एजेंसी

नोएडा। पुलिस कस्टडी से भाग रहे आरोपी को पुलिस ने गोली मारी है। आरोपी के पैर में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस पर बच्ची के साथ रेप करने का आरोप है।

पुलिस ने सलारपुर से गिरफ्तार किया था। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि आरोपी सौरभ गुप्ता निवासी सलारपुर को घटना के बाद गिरफ्तार किया गया। उसे मेडिकल परीक्षण के बाद जिला अस्पताल सेक्टर-30 से घटनास्थल ग्राम सलारपुर में घटना से संबंधित कपड़ा बरामद करने के लिए ले जाया गया। वहां से कपड़ा बरामद कर लौटते समय सेक्टर-42 के पास अचानक गाड़ी में हवा निकलने की आवाज आई। जिस पर पुलिस पार्टी द्वारा नीचे उतर कर गाड़ी को चेक किया गया। मौका पाकर सौरभ गाड़ी से उतरा और उसने उप निरीक्षक अजीत सिंह की पिस्टल छीन ली। यहीं नहीं उस पिस्टल से सौरभ ने पुलिस पार्टी पर फायर किया।

जिसके बाद उसे सरेंडर करने के लिए कई बार कहा गया। लेकिन वो नहीं माना। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। गोली आरोपी के पैर में लगी। उससे पिस्टल छीनी गई और गिरफ्तार किया गया। आरोपी को घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल में ले जाया गया है।

## आरकेपुरम के एलबीएस स्कूल में बम की सूचना से हड़कंप

नई दिल्ली। स्कूलों में बम की फर्जी सूचना देने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब बृहस्पतिवार को आरकेपुरम स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। स्कूल प्रशासन को ई-मेल भेजकर सूचना दी गई। कई घंटे की तलाशी के बाद सूचना को झूठा करार दिया गया। आरकेपुरम थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि आरके पुरम के सेक्टर-3 स्थित स्कूल में बम की सूचना सुबह 8.25 बजे मिली थी। स्कूल प्रशासन को बम अलर्ट के संबंध में ईमेल प्राप्त हुआ था। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

# एबीवीपी ने की छात्रों से डूसू चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने प्रेस क्लब में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव में एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर छात्रों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

डूसू चुनाव के लिए मतदान शुक्रवार को होगा और मतगणना 23 सितंबर (शनिवार) को होगी।

गुरुवार को इस कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों से अपने मताधिकार के अनिवार्य उपयोग के लिए अपील की है। एबीवीपी ने छात्रों से आग्रह किया है कि छात्र जीवन में मताधिकार के प्रयोग को समझें क्योंकि उन्हें यह अवसर अपने अधिकारों को समझने और एक अच्छे नागरिक के रूप में विकसित होने में सहायक होगा।

एबीवीपी से डूसू चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद पर तुषार डेढ़ा, उपाध्यक्ष पद पर सुशांत धनकड़, सचिव पद पर अपराजिता तथा संयुक्त सचिव पद पर सचिन बैंसला चुनाव लड़ रहे हैं। डूसू चुनाव में एबीवीपी के प्रत्याशियों ने छात्रों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए प्रचार अभियान किया है।

डूसू में सह-सचिव रहीं और एबीवीपी दिल्ली की छात्रा प्रमुख शिवांगी खरवाल ने कहा कि, देश में महिलाओं के नेतृत्व के लिए नयी राहें खुल रही हैं, बीते वर्षों में एबीवीपी के पैनल से ही डीयू में छात्राओं को नेतृत्व मिला है।

उन्होंने कहा, एबीवीपी डूसू छात्राओं के मूलभूत मुद्दों जैसे गर्ल्स हॉस्टल, सेनेटरी नेपकिन वैंडिंग मशीन, महिला सुरक्षा तथा महिलाओं को बराबर नेतृत्व देने का कार्य आगे करेगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दिल्ली के प्रांत मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि, एबीवीपी हमेशा डीयू के छात्रों की आवाज बनी है। वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक छात्र डीयू में नए हैं, एबीवीपी उनसे अपील करती है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

# एबीवीपी हिंसा, गुंडागर्दी फैला रही है : कन्हैया कुमार



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने कहा है कि प्रतिष्ठित संस्थान दिल्ली विश्वविद्यालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) छात्र चुनाव में हिंसा और गुंडागर्दी फैला रही है जो कि शर्मनाक है और शासन तथा प्रशासन में बैठे लोगों को इसकी चिंता नहीं है।

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय देश का एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है, जहां देश के अलग-अलग हिस्सों के साथ-साथ विदेश के छात्र भी पढ़ने आते हैं। ऐसे में हिंसक घटनाओं के वीडियो वायरल होने के बाद छात्रों के अभिभावकों के लिए यह चिंता का विषय बन रहा है, लेकिन जिस तरह से शासन-प्रशासन द्वारा एक खास संगठन, एक विशेष विचारधारा के लोगों को संरक्षण दिया जा रहा है, इससे उनकी गुंडागर्दी की प्रवृत्ति को बल मिल रहा है।

कन्हैया ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का एक-एक छात्र यह जानता है कि एबीवीपी की पिछले चार सालों की अराजकता पर केवल एनएसयूआई ही पूर्ण विराम लगा सकती है। चुनाव के नाम पर एबीवीपी की गुंडागर्दी जारी है। वे गर्ल्स हॉस्टल के फेस्ट में जबरदस्ती घुस रहे हैं, गेट तोड़े जा रहे हैं, गुंडागर्दी कर रहे हैं, लेकिन मीडिया को भ्रमित करते हैं कि ये सब एनएसयूआई कर रही है।

उन्होंने कहा, एनएसयूआई का एक भी कार्यकर्ता लेकर आइए, जिसने हिंसा और गड़बड़ी की हो, हम उस पर कार्रवाई करेंगे। हम छात्रों के अभिभावकों के मन में भय का माहौल नहीं बनाना चाहते हैं, लेकिन इन्होंने हमारी इंसानियत को हमारी कमजोरी समझ लिया है। हम एबीवीपी के लोगों से कहना चाहते हैं- हम कमजोर नहीं है, हम डरने वाले नहीं हैं। एबीवीपी की गुंडागर्दी का जवाब दिल्ली विश्वविद्यालय का हर छात्र 22 तारीख को देने वाला है। पिछले एक महीने में एबीवीपी ने जो गुंडागर्दी और हिंसा की है, यह बहुत ही शर्मनाक है। सरकार और प्रशासन में बैठे लोगों को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी।

# महिला ने पति पर लगाया हत्या के प्रयास का आरोप

मोदीनगर। मोदी नगर में दहेज से नाखुश पति हनीमून के बहाने विवाहिता को अण्डमान निकोबार ले गया। वहां उसे समुद्र में डूबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। ससुराल लौटने के बाद विवाहिता ने सास-ससुर से शिकायत की तो उन्होंने भी विवाहिता के साथ मारपीट की। पति के साथ वैवाहिक संबंध न बनने के चलते जेठ ने महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता की तहरीर पर पति सहित 6 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

देवेंद्रपुरी कॉलोनी निवासी युवती की शादी 7 दिसंबर 2022 को मेरठ आर.के पुरम् निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज से संतुष्ट नहीं थे। 17 दिसंबर को पति महिला को हनीमून के लिए अंडमान निकोबार ले गया। जहां 19 दिसंबर को उसने महिला को समुद्र में धक्का दे दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह महिला को बचाया। आरोप है कि घर लौटने के बाद पीड़िता ने ससुराल पक्ष के लोगों से शिकायत की।

# मोदीनगर में नाले में डूबाकर की गई युवक की हत्या

**मोदीनगर।** मोदीनगर के गांव बिसोखर में दो माह पूर्व नाले में डूबकर हुई इस्तकार की हत्या पुरानी रंजिश को लेकर की गई थी। एक साल पहले पैसे लेकर हुए मारपीट का बदला लेने के लिए इस्तकार को नाले में डूबाकर मारा गया था। पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। गत 13 जुलाई को गांव बिसोखर निवासी इस्तकार अपने दोस्तों के साथ सिखैड़ा मार्ग पर घूमने के लिए गया था। वहां पर नाले में डूबकर इस्ताकार की मौत हो गई थी। परिजनों ने उस समय भी नाले में डूबाकर हत्या करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया था। लेकिन मोदीनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर रिपोर्ट दर्ज नहीं थी। मृतक की मां नफीसा ने डीसीपी ग्रामीण से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराया। डीसीपी ग्रामीणों ने मोदीनगर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि आमिर के चाचा से मृतक इस्तकार का एक साल पहले पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था।

# सेवा पखवाड़े में बिधूड़ी ने महिलाओं को बांटी साड़ियां

**250 परिवारों से भेंट करके उन्हें दी केंद्र की योजनाओं की जानकारी**




**नई दिल्ली।** माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के दौरान दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सेवा बस्ती में रहने वाले 250 परिवारों से मुलाकात की और महिलाओं को 250 साड़ियां बांटी।

बिधूड़ी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र बदरपुर की प्रसाद नगर जे.जे. कैम्प सेवा बस्ती में जाकर लोगों से बात की और उन्हें केंद्र की मोदी जी की सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इन परिवारों को बताया गया कि केंद्र सरकार गरीबों को हर महीने प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन मुफ्त उपलब्ध कराती है। उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन मुफ्त दिया जा रहा है और रेहड़ी पटरी वालों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत उन्हें 10 हजार रुपए की मदद दी जा रही है ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। बिधूड़ी ने सेवा बस्ती के लोगों को यह भी बताया कि 'जहां झुग्गी वहीं मकान' के अंतर्गत दिल्ली में प्रधानमंत्री जी द्वारा गरीबों को मकान उपलब्ध कराए गए हैं और यह योजना तेजी से लागू की जा रही है।

बिधूड़ी ने इस मौके पर इस सेवा बस्ती की महिलाओं को 250 साड़ियां भी वितरित कीं और सभी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए आभार प्रकट किया कि वह गरीबों के कल्याण के लिए इतनी योजनाएं चला रहे हैं।

# यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने सुपरवाइजर को मारा थप्पड़

**गुस्साए 100 कर्मचारी काम छोड़कर धरने पर बैठे, मोटो जीपी बाइक रेस को लेकर सभी कर रहे थे सफाई**

जेवर। बुद्ध इंटरनैशनल सर्किट के नजदीक गुरुवार को सफाई कर रहे यमुना प्राधिकरण के सफाई विभाग के सुपरवाइजर को एक अधिकारी ने थप्पड़ मार दिया। इसी बात से गुस्साए उसके साथियों ने कामकाज छोड़कर वहीं यमुना एक्सप्रेसवे के अंदर पास के नीचे धरने पर बैठकर इस दौरान करीब 2 घंटे तक उन्होंने जमकर हंगामा किया बाद में मौके पर पहुंचे अन्य अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का कर्मचारी का शासन दिया उसके बाद ही कर्मचारी काम पर लौट सके।

रबूपुरा निवासी जतन कुमार यमुना प्राधिकरण में सफाई विभाग के सुपरवाइजर है। जिनके अंडर में करीब 100 सफाई कर्मचारी काम करते हैं। उनका कहना है कि बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट(बीआईसी) में 22 से 24 सितंबर तक हो रही बाइक रेस प्रतियोगिता को देखते हुए प्राधिकरण की तरफ से सर्किट के बाहर सफाई कराई जा रही है। उसी के चलते वह कर्मचारियों के साथ सफाई करा रहे थे। उनका कहना है कि जब वह यमुना एक्सप्रेसवे के अंडरपास के नीचे पानी पी रहे थे। उसी दौरान प्राधिकरण के अधिकारी ने आकर उनको एक थप्पड़ मार दिया। जब उन्होंने थप्पड़ मारने का कारण पूछा तो अधिकारी ने उनके साथ गाली गलौज भी कर दी। इस दौरान उनके पक्ष में पहुंचे मोनू और छोटू नाम के कर्मचारियों के साथ भी अधिकारी द्वारा अभद्रता की गई। जिसके बाद वहां मौजूद कर्मचारियों में रोष पैदा हो गया। इसी बात से गुस्साए सभी कर्मचारियों ने काम करना छोड़ दिया।

### करीब 2 घंटे तक कर्मचारियों द्वारा जमकर हंगामा

जिसके बाद सभी धरने पर बैठ गए। जो आरोपी अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। करीब 2 घंटे तक कर्मचारियों द्वारा जमकर हंगामा किया गया। बाद में मौके पर पुलिस के अधिकारी भी पहुंच गए। लेकिन कर्मचारियों ने जब तक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है, तब तक धरने को समाप्त नहीं करने की बात अधिकारियों से की। बाद में प्राधिकरण के एक अधिकारी ने वहां पहुंचकर 25 सितंबर को मामले की जांचकर कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का कर्मचारी का आश्वासन दिया।

# बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होने वाली तिरंगा यात्रा स्थगित

**जेवर।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक पर 22 से 24 सितंबर तक मोटोजीपी रेस का आयोजन किया जा रहा है।

वहीं, क्षेत्र के किसानों ने अपनी समस्याओं का समाधान प्राधिकरण द्वारा नहीं किए जाने को लेकर आज को ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालकर जीपी रेस का विरोध करने का निर्णय लिया था। इसके लिए भाकियू टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना व अन्य किसान नेताओं ने सोशल मीडिया और गांव गांव जाकर किसानों से यात्रा में शामिल होने की अपील की थी।लेकिन बुधवार रात को जिलाधिकारी मनीष वर्मा व यमुना प्राधिकरण के ओसडी शैलेन्द्र सिंह आदि अधिकारियों ने किसानों के विरोध के देखते हुए संगठन की 11 सदस्य टीम को वार्ता के लिए बुलाया। करीब 2 घंटे चली वार्ता में अधिकारियों ने 26 सितंबर को समस्याओं के समाधान कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद किसानों ने तिरंगा यात्रा को स्थगित कर दिया है।

# संपादकीय

## कॉलेज परिसरों के अंदर भी विद्यार्थी सुरक्षित नहीं

किसी भी परिस्थिति में अगर चुनाव प्रचार के दौरान इस तरह की अराजकता सामने आई है, तो यह परिसर के भीतर अपराध के पांव फैलने को ही दर्शाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के दो कालेजों में मंगलवार को कुछ असामाजिक तत्त्वों की अराजकता की जैसी हरकत सामने आई है, उससे एक बार फिर यही पता चलता है कि छात्रसंघ चुनावों के दौरान आशंका के बावजूद ऐसे हालात से निपटने के कोई इंतजाम नहीं किए गए। खबरों के मुताबिक, रामजस कालेज और मिरांडा हाउस कालेज में छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रचार के बहाने कुछ असामाजिक तत्त्व दाखिल हो गए और अराजक हरकतें करने लगे।

आरोप है कि हाथों में डंडे लिए लोगों ने वहां छात्रों से मारपीट की, छात्राओं पर फब्तियां कसीं और कइयों से अभद्र बर्ताव किया। यह एक चिंताजनक स्थिति है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कालेजों के परिसरों को आमतौर पर सुरक्षित इलाकों के तौर पर देखा जाता है, लेकिन वहां भी छात्र-छात्राओं को आपराधिक हरकतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस घटना में अफसोसनाक पहलू यह है कि जिन लोगों पर ऐसी अराजकता फैलाने का आरोप है, वे छात्रसंघ चुनावों में हिस्सा लेने वाले एक प्रमुख छात्र संगठन 'नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन आफ इंडिया' के उम्मीदवारों के साथ चुनाव प्रचार करने गए थे! सवाल है कि अगर ये आरोप सही हैं तो जिस संगठन या नेता के साथ बाहरी तत्त्व कालेजों में घुसे, उसकी क्या जिम्मेदारी थी?

किसी भी परिस्थिति में अगर चुनाव प्रचार के दौरान इस तरह की अराजकता सामने आई है, तो यह परिसर के भीतर अपराध के पांव फैलने को ही दर्शाता है। दरअसल, यह किसी एक संगठन तक सिमटा मामला नहीं है, इसलिए इसे लेकर सभी को चिंतित होने की जरूरत है। खासतौर पर कालेज और विश्वविद्यालय में सभी विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित करने का दावा करने वाले छात्र संगठनों को इस मसले पर विचार करने की जरूरत है कि चुनाव में जीत के लिए वे जिन तौर-तरीकों को आजमाते हैं, वे कितने सही हैं।

आखिर क्या वजह है कि कालेज या विश्वविद्यालय में किसी समस्या से जुड़े मुद्दे पर केंद्रित विचार आधारित जनमत बनाने के बजाय कोई संगठन प्रचार के दौरान आक्रामक रुख अख्तियार करता है और कई बार हिंसक टकराव के हालात भी पैदा हो जाते हैं? फिर इसमें विश्वविद्यालय और कालेज परिसर में पसरी असुरक्षा की हकीकत का भी पता चलता है, जिसमें बाहरी तत्त्व घुस मनमानी करते हैं और अराजकता फैलाते हैं। यहां विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए कोई तंत्र समय पर सक्रिय नहीं होता। पिछले कुछ समय से अक्सर ऐसे मामले देखे जा रहे हैं, जिनमें किसी विश्वविद्यालय या फिर कालेज परिसर में बाहर से कुछ लोग घुस जाते हैं और वहां छात्र-छात्राओं से दुर्व्यवहार और मारपीट करते हैं और फरार हो जाते हैं। मामला पुलिस के पास भी पहुंचता है, लेकिन कार्रवाई के स्तर पर ऐसी सख्ती का उदाहरण सामने नहीं आता है, जिससे असामाजिक तत्त्वों को सबक मिले। खासतौर पर छात्रसंघ चुनावों के दौरान जिस तरह की खींचतान और कई बार टकराव तक का माहौल बन जाता है, उसमें यह सुनिश्चित किए जाने की जरूरत है कि किसी संगठन के उम्मीदवार या उनसे जुड़े नेता के साथ कितने और किस तरह के कार्यकर्ता परिसर में प्रवेश कर सकते हैं। कालेजों में प्रचार से जुड़ी गतिविधियों को लेकर प्रशासन की ओर से एक स्पष्ट नियमन तय होना चाहिए। यह कालेजों में सुरक्षा-व्यवस्था से भी जुड़ा सवाल है और ऐसी अराजकता की घटनाएं यही दर्शाती हैं कि परिसरों के भीतर भी विद्यार्थी असुरक्षित हैं। सही है कि कई विश्वविद्यालयों के भीतर सुरक्षा-तंत्र खड़ा किया गया है। जरूरत पड़ने पर पुलिस-प्रशासन को भी अक्सर सक्रिय देखा जाता है। इसके बावजूद शैक्षणिक परिसरों का माहौल पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जा सका है।

## चीन से सबक हासिल कर सकता है भारत

बीती सदी के आठवें दशक के प्रारंभ में भारत को जो जनसांख्यिकीय लाभांश मिलना शुरू हुआ था, वह 2030 के अंत तक समाप्त हो जाएगा। चीन का जनसांख्यिकीय लाभांश करीब एक दशक पहले ही खत्म हो गया था, पर उसने इसका पूरा लाभ उठाया और तीन दशकों तक जीडीपी में नौ से 10 फीसदी प्रतिवर्ष की दर से वृद्धि की।

वर्ष 1980 तक भारत और चीन प्रति व्यक्ति आय के समान स्तर पर थे, पर अब, पीपीपी के मानक में चीन की प्रति व्यक्ति आय 18,000 डॉलर है, जबकि भारत की प्रति व्यक्ति आय 7,000 डॉलर ही है। ऐसे में, देश को ऐसी नीतियों की आवश्यकता है, जो यह सुनिश्चित करें कि जीडीपी लगातार कम से कम आठ फीसदी सालाना की दर से तब तक बढ़े, जब तक इसका लाभांश समाप्त न हो जाए, ताकि इसकी युवा आबादी के लिए पर्याप्त गैर-कृषि रोजगार पैदा हो सके। वर्ष 2004-14 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था आठ फीसदी प्रतिवर्ष की दर से बढ़ी, जबकि वर्ष 2008 में वैश्विक आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा था।

वर्ष 2004-05 और 2011-12 के दौरान अर्थव्यवस्था हर साल 75 लाख नई गैर-कृषि नौकरियां पैदा कर रही थी, इसीलिए युवा और कुल बेरोजगारी कम थी। इसने अभूतपूर्व पैमाने पर श्रमिकों को कृषि से बाहर निकाला, जो चीन और अब औद्योगिकीकृत देशों में पहले हुए संरचनात्मक परिवर्तन की एक विशेषता है। 2004 से 2014 के दौरान गैर-कृषि रोजगार सृजन से ग्रामीण श्रम बाजार में सख्ती आई, जिससे खुले बाजार में मजदूरी बढ़ी। गरीबी कम हुई और 14 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे। पर 2013-2019 के बीच सृजित गैर-कृषि नौकरियों की संख्या 75 लाख सालाना से गिरकर 29 लाख रह गई। 2015 के बाद से कुल विनिर्माण नौकरियों में पूर्ण रूप से गिरावट आई। सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण का योगदान, जो 1992 से 2015 तक 17 फीसदी पर स्थिर था, उसके बाद 13 फीसदी तक गिर गया, हालांकि 2022-23 में यह फिर बढ़कर 17 फीसदी हो गया।

वर्ष 2014 से 2022 के बीच सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि धीमी होकर 5.7 फीसदी सालाना क्यों हो गई? इसका मुख्य कारण आर्थिक नीति प्रबंधन है। सबसे पहले सरकार ने 2016 में 86 फीसदी करेंसी का विमुद्रीकरण कर दिया। नकदी पर निर्भर अर्थव्यवस्था में इसने अधिकांश सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को संकट में डाल दिया। फिर जिस एमएसएमई क्षेत्र में सबसे अधिक गैर-कृषि नौकरियां उत्पन्न होती थीं, विमुद्रीकरण के छह महीने बाद उसे एक और झटका लगा, जब जीएसटी लागू किया गया, जिसमें 17 राज्यों के वैट और अन्य अप्रत्यक्ष कर शामिल हो गए। खराब योजना के कारण जीएसटी ने एमएसएमई को और अधिक नुकसान पहुंचाया।

नतीजतन, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर करीब तीन वर्षों तक धीमी होकर चार फीसदी पर आ गई। मार्च, 2020 में जब देश में कोविड के 600 मामले थे, तब सरकार ने लॉकडाउन की घोषणा की थी, जिसके कारण सभी आर्थिक गतिविधियां बंद हो गईं। उसने छह करोड़ श्रमिकों को शहरों से गांवों में भेज दिया, जिससे कृषि पर अत्यधिक बोझ पड़ा और उसका रोजगार में हिस्सा 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गया। खुली बेरोजगारी तेजी से बढ़ी, जो 45 वर्षों में सबसे अधिक है।

जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा उठाने के लिए लाखों लोगों को कृषि से बाहर निकालने की जरूरत है। गैर-कृषि नौकरियों की जरूरत वाले युवाओं में लड़कियों पर फोकस करना चाहिए, जिन्होंने 2015 तक माध्यमिक शिक्षा में 80 फीसदी सकल नामांकन दर हासिल कर ली थी। फिर भी, हमारे यहां महिला श्रम शक्ति की भागीदारी सऊदी अरब के समान कम है। कुल मिलाकर, देश को हर साल कम से कम 1-1.2 करोड़ नई नौकरियों की जरूरत है।

# राजस्थान में अपनों से परेशान भाजपा



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे भाजपा की अंदरूनी मुश्किलें बढ़ती जा रही है। एक तरफ भाजपा राजस्थान में चार अलग-अलग क्षेत्र में परिवर्तन संकल्प यात्राओं का आयोजन कर चुनावी माहौल बनाने में जुटी हुई हैं। वही पार्टी के वरिष्ठ नेता पार्टी को लगातार संकट में डाल कर परेशान कर रहे हैं। पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता रहे कैलाश मेघवाल पार्टी के लिए गले की फांस बने हुए हैं। हालांकि भाजपा ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है और आने वाले समय में उनका पार्टी से निष्कासन तय माना जा रहा है।

कैलाश मेघवाल प्रकरण से भाजपा को बेवजह शर्मिंदगी तो उठानी पड़ी ही साथ ही डैमेज कंट्रोल भी करना पड़ रहा है। इसका कारण केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल है। अर्जुन राम मेघवाल शुरू से ही विवादों में रहे हैं। उनके चलते बीकानेर क्षेत्र में पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे देवीसिंह भाटी को पार्टी छोड़नी पड़ी थी। पिछले विधानसभा चुनाव में देवीसिंह भाटी ने अर्जुनराम मेघवाल पर उनकी पुत्रवधू पूनम कँवर भाटी को चुनाव में हरवाने का आरोप लगाया था। मेघवाल अपने पुत्र रविशेखर को जिला परिषद का चुनाव लड़वा कर भी काफी विवादों में रहे थे। हालांकि उनका पुत्र रवि शेखर राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल की पत्नी आशा देवी से 2783 वोटो से हार गया था। अर्जुन राम मेघवाल का पुत्र रवि शेखर भी अक्सर विवादों में बना रहता है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समर्थक देवीसिंह भाटी भैरोंसिंह शेखावत व वसुंधरा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उनका बीकानेर क्षेत्र में खासा प्रभाव माना जाता है। पिछले दिनों उन्होंने भाजपा में शामिल होने का प्रयास किया था। मगर अर्जुनराम मेघवाल ने उनके भाजपा प्रवेश में अड़ंगा लगा दिया था। उसके बाद भाटी ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल से मिलकर राजनीतिक गठबंधन बनाने के संकेत दिए थे। यदि देवीसिंह भाटी हनुमान बेनीवाल के साथ चुनावी गठबंधन बनाते हैं तो उसका नुकसान भाजपा को ही उठाना पड़ेगा।

पिछले दिनों जोधपुर जिले के सूरसागर से विधायक सूर्यकांता व्यास ने केंद्रीय मंत्री व जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत पर हमला बोलकर पार्टी में पनप रही गुटबाजी को और हवा दे दी है। कुछ दिनों पूर्व भाजपा की वरिष्ठ विधायक सूर्यकांता व्यास ने अपनी मांगों को पूरा करने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का सार्वजनिक रूप से आभार जताया था। जिससे खफा होकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सूर्यकांता व्यास पर व्यंग्य कसते हुए कहा था कि बच्चे और बूढ़े का मन एक सा हो जाता हैं। उनके कही बातों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। इस पर सूर्यकांता व्यास खफा हो गई थी और उन्होंने गजेंद्र सिंह के बहाने भाजपा आलाकमान को चेतावनी दे डाली की 93 साल की उम्र में भी वह अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी भी और जीतेगी भी।

चुनावी समय में इस तरह की बातों से पार्टी का माहौल खराब होता है।




एक तरफ माहौल बनाने के लिए भाजपा दूसरे दलों के नेताओं व पूर्व ब्यूरोक्रेट्स को पार्टी में शामिल करवा रही है। वहीं दूसरी तरफ उनके अपने ही वरिष्ठ नेताओं की बयान बाजी पार्टी पर भारी पड़ रही है। कैलाश मेघवाल, देवीसिंह भाटी, सूर्यकांता व्यास यह सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते हैं। इनको लेकर पार्टी में बेवजह चल रही बयानबाजी से वसुंधरा राजे भी नाराज बताई जा रही है। वसुंधरा राजे समर्थकों का मानना है कि भाजपा के नेताओं द्वारा ही वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ बेवजह बयानबाजी कर उनकी उपेक्षा करने से पार्टी कमजोर होगी।

अर्जुन राम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत जैसे नेता जो केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण मंत्री भी है। उनको तो सबको साथ लेकर चलने की नीति अपनानी चाहिए। मगर वरिष्ठ नेता स्वयं ही बेवजह की बयान बाजी कर विवादों को जन्म दे रहे हैं। राजस्थान भाजपा में चल रहे मौजूदा घटनाक्रम के कारण ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जन संकल्प परिवर्तन यात्राओं से भी दूरी बना ली है। उनके समर्थक भी यात्राओं में नाम मात्र की उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं।

एक तरफ तो भाजपा सुभाष महरिया, ज्योति मिर्धा, सवाईसिंह चौधरी जैसे दिग्गज जाट नेताओं को पार्टी में शामिल करवा कर प्रदेश में कांग्रेस को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ उनके अपने ही नेता पार्टी में एक दूसरे की टांग खींचने में लगे हुए हैं। भाजपा में व्याप्त अंदरूनी गुटबाजी को थामने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कई बार राजस्थान का दौरा कर मीटिंग ले चुके हैं। उसके उपरांत भी भाजपा में आपसी टांग खिंचाई पर रोक नहीं लग पाई है।

राजस्थान में भाजपा के पास पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के अलावा ऐसा कोई लोकप्रिय चेहरा नहीं है जिनको आगे कर वह चुनाव जीत सके। भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे को चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ना चाहता है। इसी कारण पार्टी सामूहिक नेतृत्व की बात कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की कमान अपने हाथों में थाम रखी है। वह चाहते हैं कि अगला विधानसभा चुनाव उनके चेहरे व कमल के निशान पर लड़ा जाए।

किसी एक को नेता प्रोजेक्ट नहीं किया जाए। इसी के लिए प्रधानमंत्री स्वयं बार-बार राजस्थान की यात्रा कर जन सभाओं को संबोधित कर रहे हैं जिससे भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया जा सके।

राजस्थान में भाजपा पहले वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटना चाहती थी। मगर जिस तरह से कैलाश मेघवाल, सूर्यकांता व्यास ने खुलकर चुनाव लड़ने की बात कही है उससे पार्टी आलाकमान को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। कैलाश मेघवाल व सूर्यकांता व्यास 90 साल से अधिक उम्र के होने के बावजूद पूरी तरह राजनीति में सक्रिय है। यदि भाजपा आलाकमान अगले विधानसभा चुनाव में इन नेताओं के टिकट काटता है तो कर्नाटक की तरह राजस्थान में भी वरिष्ठ नेता बगावत कर सकते हैं। कैलाश मेघवाल, सूर्यकांता व्यास सहित बहुत से वरिष्ठ नेताओं का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से संपर्क बना हुआ है। जिससे भाजपा को आशंका होने लगी है कि यदि इनका टिकट काटा गया तो वो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं।

कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में करारी हार झेलने के बाद भाजपा आलाकमान भी हर कदम सोच समझ कर उठाने को मजबूर हो गया है। पार्टी आलाकमान को इस बात का एहसास हो गया है कि राजस्थान का मौजूदा नेतृत्व विधानसभा चुनाव जीतवाने में सक्षम नहीं है।

जब तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को साथ नहीं लिया जाएगा तब तक राजस्थान में कांग्रेस को हरा पाना मुश्किल होगा। मौजूदा राजनीतिक समीकरण से लग रहा है कि अब भाजपा पुराने नेताओं को फिर से टिकट देने जा रही है। पार्टी नेतृत्व नहीं चाहता है की टिकट काटकर नेताओं को बगावत का अवसर दिया जाए।

राजस्थान विधानसभा का चुनाव जीतना है तो भाजपा आलाकमान को अर्जुन राम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत जैसे बयानवीर नेताओं के बयानों पर रोक लगानी होगी। पार्टी में सौम्य छवि व जनाधार वाले नेताओं को आगे कर चुनाव मैदान में उतरना होगा। तभी भाजपा मजबूत हो पाएगी।

# सत्ता का लोभ और धन की लालसा बड़ा सबब

महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है, किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। राजनीति धीरे धीरे सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा मैं नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है की राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है, और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्व विदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे, पत्नी, बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है। इसमें उद्योगपति राजनीतिक चंदा का हवाला देते हुए राजनेताओं से देश की नीतियों को अपने पक्ष में करवा लेते हैं और इस तरह जनता का शोषण शुरू हो जाता है। भारतीय राजनीति में इस तरह के आरोप लंबे समय से लगते आ रहे हैं। राजनीति में उच्च नैतिक मूल्यों का महत्व घटने के साथ-साथ राजनीतिक मापदंड शासन को राजनीति आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नकारात्मक रूप से प्रभावित करता जा रहा है।

## कौन कहता है मुझे आसमान चाहिए

कौन कहता है मुझे आसमान चाहिए  
ना जाने किसने कह दिया  
कि मुझे आसमान चाहिए,  
मुझे तो मेरे घर के  
आंगन में एक छोटा सा  
बादल का टुकड़ा चाहिए,  
थोड़ी सी बारिश,  
थोड़ा सा पानी,  
थोड़ी सी इच्छा,  
दो रोटी नमक के साथ  
चटनी हो तो श्रेष्ठ है,  
एक अदद साथ देने  
वाली पत्नी,  
नन्हों की किलकारी,  
बूढ़े मां बाप की  
चाहत और हिदायतें,  
सुदूरपश्चिम का वैभव  
नहीं चाहिए,  
संदूक में नहीं चाहिए  
स्वर्ण आभूषण,  
पश्चिम का शोर नहीं चाहिए  
और नहीं चाहिए  
रूस और यूक्रेन का विश्व युद्ध,  
हवाई जहाज की गड़गड़ाहट  
टैंकों के गोलों की भारी आवाज  
भला किसे चाहिए,  
ये परमाणु विश्वयुद्ध,  
नहीं चाहिए,  
और नहीं चाहिए  
पूरा आकाश,  
मुट्ठी भर आकाश दे दो,  
जो मेरे गांव के आस-पास हो,  
हरीतिमा हो,  
पगडंडी हो और हो,  
और चाचा ताऊ  
का संग हो,  
मित्रों की गालियां,  
ताने, उलाहने,  
क्या यह सब कुछ  
दे सकते है मेरे लिए,  
मुट्ठी भर आकाश के साथ,  
जीवन पर्यंत शांति  
और चैन का  
छोटा सा उपहार चाहिए।

# आसियान व ईस्ट एशिया देशों के मंच के जरिए भारत ने चीन को घेरा

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आसियान समिट के अलावा ईस्ट एशिया सम्मेलन में शामिल हुए



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में बीते सप्ताह की 6-7 सितंबर को अपनी दो दिवसीय यात्रा पर इंडोनेशिया की राजधानी जाकार्ता पहुंचें हुए थें। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजधानी जकार्ता में ही जहां पहले 20 वें आसियान शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। वहीं ठीक उसके बाद ही उसी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 वें ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन में भी शामिल हुए थें। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिरकार जब भारत में जी-20 देशों का इतना महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जी-20 की तैयारियों के अंतिम चरण में आसियान देशों की यात्रा पर जाने की क्या जरूरत थी ? दरअसल एशिया के मौजूदा परिदृश्यों को यदि गौर से देखा जाए तो आसियान समिट और ईस्ट एशिया समिट दोनों ही कूटनीतिक, सामरिक और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिहाज से काफी ज्यादा महत्वपूर्ण संगठन है। इसके अलावा यदि दक्षिण पूर्व एशिया की बात करें तो यह संगठन भारत के लिए और भी ज्यादा मायने रखता है। क्योंकि इसी दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र में आने वाले दो ताकतवर देश यानी भारत और चीन दोनों ही मौजूदा समय में ईस्ट एशिया संगठन के सदस्य देश भी है। दरअसल भारत के लिए इस बार का आसियान शिखर सम्मेलन इस लिहाज से भी खास है। क्योंकि पिछले साल भारत आसियान के बीच व्यापक स्तर पर हुई रणनीतिक साझेदारी के बाद होने वाला यह पहला आसियान शिखर सम्मेलन है। दरअसल भारत ईस्ट एशिया संगठन का संस्थापक सदस्य भी है। आज के इस लेख में हम इसी मुद्दे को समझने की कोशिश करेंगें की, किस तरह से भारत आसियान और ईस्ट एशिया संगठनों के जरिए चीन की बढ़ती ताकत को कम करने में सफल होता जा रहा है।

### आसियान व ईस्ट एशिया समिट में चीन की विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगाने की भारत की रणनीति

दरअसल दक्षिण पूर्व एशिया में चीन लगातार अपनी विस्तारवादी नीति के चलते छोटे छोटे देशों पर अपना आधिपत्य जताने की कोशिश करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चीन ने दक्षिण पूर्वी एशिया के दो देशों तिब्बत और हांगकांग पर जबरदस्ती अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जबकि म्यांमार में तानाशाही सरकार को चीन हर समय अपना सह देता रहता है। ऐसे में चीन की विस्तारवादी नीति से ज्यादातर एशियाई देश भारत की ओर से एक उम्मीद से देख रहें हैं, कि भारत चीन पर अंकुश लगाने की दिशा में उनकी मदद करेगा। ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस बार के आसियान शिखर सम्मेलन और ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन में चीन की विस्तारवादी नीति से एशिया के देशों की चिंता पर अपनी सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन की विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगाने के लिए आसियान और ईस्ट एशिया संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर कार्य करने का भरोसा भी दिया है। दरसअल प्रधानमंत्री की इस रणनीति के बाद आसियान के 10 सदस्य और ईस्ट एशिया के 8 सदस्य देश भारत के पक्ष में और चीन के खिलाफ मजबूती से खड़े होते दिखाई दिए।

### म्यांमार के मुद्दे पर चीन के विरोध में भारत के साथ खड़े हुए आसियान व ईस्ट एशियाई देश

दरअसल म्यांमार में मौजूदा समय में तानाशाही जुंटा सरकार कार्य कर रही है। ऐसे में म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली के लिए वहा के विपक्षी दलों के नेता लंबे समय से जुंटा सरकार से मांग कर रहें हैं। इसके अलावा चीन पर म्यांमार के नेताओं की ओर से यह भी आरोप लगाएं जाते रहें हैं कि, चीन म्यांमार में तानाशाही शासक जुंटा को सह प्रदान करता है। दरअसल म्यांमार में चीन के दखल के पीछे उसका उद्देश्य है कि वह चाईना-म्यामार ईकोनॉमिक कॉरीडोर को निर्माण जल्द से जल्द पूरा कर सकें। ताकि वह भविष्य में इस कॉरीडोर के जरिए भारत की पश्चिम बंगाल सीमा तक अपनी पहुंच बढ़ा सकें। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईस्ट एशिया समिट में म्यांमार के मुद्दे पर चीन को घेरने की पुरजोर कोशिश रही होगी।

इसके अलावा चीन के द्वारा जो भारत सहित अन्य देशों के भू-भाग को नक्सा जारी करके अपना हिस्सा बताया जाता है, उस मुद्दे पर चीन के विरोध में आसियान के सभी सदस्य देश भारत के साथ मजबूती से खड़े होते हुए दिखाई दिए।

नतीजतन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल रणनीति और कूटनीति की वजह से आज चीन, आसियान और ईस्ट एशिया संगठन के कुल 18 देशों के बीच बिल्कुल अलग थलग पड़ चुका है।

### दक्षिण एशियाई देशों में चीन के दबदबे को कम करने की भारत की रणनीति

दरसअल भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया में आयोजित हुए आसियान और ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन के जरिए दक्षिण व पूर्व एशियाई देशों में चीन के बढ़ते दबदबे को रोकने के लिए बेहतर कूटनीतिक प्रयास किए है। गौरतलब हो कि चीन ने दक्षिण एशिया के ज्यादातर देशों में होने वाले व्यापार और अर्थव्यवस्था पर अपना एकाधिकार जमा रखा है। ऐसे में दक्षिण और पूर्वी एशियाई देश चीन के इस दबदबे से काफी ज्यादा परेशान हैं। दरअसल भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आसियान देसों के मंच पर इसी मुद्दे को उछालकर चीन के विरोध में आसियान व ईस्ट एशिया के सभी सदस्य देशों को एकजुट करने में काफी हद तक सफल रहें हैं। नतीजतन यदि सभी देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान के बाद भारत के साथ खड़े होते हैं तो, यह चीन के लिए बहुत बड़ा झटका होगा। क्योंकि भविष्य में चीन को एशिया में आर्थिक और सामरिक क्षेत्र में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस कूटनीतिक रणनीति से काफी ज्यादा चोट पहुंची है।

### चीन को घेरने के लिए आसिसान देशों को हथियार देने की भारत की रणनीति

दरअसल भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बार आसियान और ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन के जरिए चीन को हर मोर्चे पर घेरने व अलग थलग करने की पूरी कोशिश की है। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आसियान देशों को हथियार उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया है, ताकि वह चीन पर अपनी पूरी निगरानी रख सकें। इसके साथ ही ताईवान को भी भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारी मात्रा में हथियार मुहैया कराने का भरोसा दिया है। ऐसे में ताईवान अब पूरी तरह से भारत के साथ और चीन के विरोध में मजबूती से खड़ा हो गया है। नतीजतन यदि यह कहा जाए कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आसियान और ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन के जरिए चीन को एशिया में बिल्कुल अलग थलग कर दिया है तो, इसमें कोई भी अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसके साथ भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कूटनीतिक रणनीति के आगे चीन कहीं ना कहीं अब बेबस और लाचार दिखाई दे रहा है। दरअसल इसका सबसे बड़ा सबूत चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भारत में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में आने से इनकार कर देना है।

## शार्ट न्यूज

### जालौन :मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी पुलिस चौकी का हुआ शुभारंभ

जालौन। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में गुरुवार को राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) के अन्तर्गत आकस्मिक विभाग पुलिस अधीक्षक ई राज राजा ने इमरजेन्सी पुलिस चौकी और कन्ट्रोल रूम का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस चौकी की स्थापना से चिकित्सालय परिसर में कार्यरत् चिकित्सक, अन्य कर्मियों तथा आम जनमानस को 24 घण्टे लाभ प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक के द्वारा चिकित्सालय के आकस्मिक विभाग, आकस्मिक ओटी एवं ओपीडी ब्लॉक का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरान्त मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में बैठक कर चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों तथा जूनियर चिकित्सकों के साथ बात करते हुए उनकी सुरक्षा के लिए आश्वासन दिया गया और साथ ही मुख्य अतिथि के द्वारा सभी चिकित्सको को सलाह दी गयी कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों की पीड़ा से उत्पन्न भावनाओं को समझते हुये उनके साथ नम्रतापूर्ण व्यवहार करें। इस दौरान अवसर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशान्त निरंजन, आकस्मिक विभाग प्रभारी डॉ शैलेश वर्मा, निश्चेतना विभाग / ट्रामा प्रभारी डॉ सुनित सचान, डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह सह आचार्य कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, डॉ जितेन्द्र मिश्रा, चिकित्साधिकारी, डॉ रविन्द्र राजपूत, चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला को बेचने का आरोप, तीन आरोपी भेजे जेल

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के रसड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता को अगवाकर अनैतिक कार्य कराने के लिए बेचने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को तीन आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के रसड़ा क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती का विवाह लगभग 5 वर्ष पूर्व गाजीपुर जनपद के एक गांव में हुआ था जिसके बाद गत 5 महीने पूर्व क्षेत्र के ही मुस्तफाबाद निवासी अशोक साहनी व सिलहटा निवासी रमेश राजभर व मुख्तार राजभर ने फोन से फुसलाकर अपने पास बुलाया व जब वह आई तो जबरजस्ती कहीं अन्य जिले में लेजाकर अनैतिक कार्य हेतु बेच दिया ।मामले में पुलिस ने गत 19 सितम्बर को विवाहिता के पिता की तहरीर पर आरोपीयों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 366 व 370(2) और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की सुसंगत धारा 3/5 के तहत नामजद अभियोग पंजीकृत किया ।मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को तीनों आरोपियों को रसड़ा थाना क्षेत्र के सिधार घाट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### महिला और उसकी पुत्री का शव कुएं से बरामद

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के संतनगर थाना क्षेत्र के पंडरिया कलां गांव में आज एक महिला एवं उसकी पुत्री का शव कुएं से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार पंडरिया गांव निवासी शिवलाल पाल की पत्नी यशोदा देवी (23) एवं उसकी पुत्री यामिनी नौ माह का शव उसके घर से दो सौ मीटर दूर एक कुएं से सुबह बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि यशोदा देवी बुधवार की शाम से घर से बाहर निकल गई थी। परिजनों द्वारा खोजबीन की जा रही थी। आज सुबह ग्रामीणों द्वारा कुएं में युवती का शव उतराया देखा गया। ग्रामीणों की सहायता से मां और बेटी का शव कुएं बाहर निकाला गया। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अधिक खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है।

### बहराइच: पांच महीने से वेतन न मिलने से परेशान सफाईकर्मी उतरे सड़कों पर

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले में सफाई कर्मियों ने पांच महीनों से वेतन ना मिलने से नाराज़ होकर गुरुवार को सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। मामला मिहीपुरवा पंचायत क्षेत्र का है जहां आज मिहीपुरवा बाजार के मेन चौराहे पर वेतन ना मिलने से नाराज सफाई कर्मियों ने सड़क पर बैरिकेटिंग लगा कर सड़क जाम कर दी और वहीं प्रदर्शन करने लगे,जिसके चलते भारी जाम लग गया और लगभग दो घंटे तक कई वाहन जाम में फसें रहे। नाराज़ सफाई कर्मियों का कहना है कि उन्हें पिछले 5 महीनों से वेतन नहीं मिला है और जब वेतन की मांग लेकर जब वह लोग नगर पंचायत अध्यक्ष के पास जाते है तो वह अगली तारीख बता देते है और कहते है घर जाओ। उधर सड़क जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस और एसडीएम सफाई कर्मियों को बहुत देर तक समझाते रहे, जिसके बाद सफाई कर्मी शांत हुए और सड़क पर आवागमन चालू हुआ।

### बीबीडी यूनिवर्सिटी की छात्रा की गोली मारकर हत्या

लखनऊ। लखनऊ में बीबीडी छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। चिनहट के दयाल रेजीडेंसी अपार्टमेंट के फ्लैट में बुधवार आधी रात दारू पार्टी हुई। इसी दौरान संदिग्ध हालात में गोली चली। गोली निष्ठा को लगी, गंभीर हालत में निष्ठा को उसके दोस्त लोहिया अस्पताल ले गए। पुलिस के मुताबिक, लोहिया में छात्रा और उसके परिवार के बारे में लिखा-पढ़ी कराकर दोस्त भाग लिए। डॉक्टर ने निष्ठा को मृत घोषित कर दिया। तड़के साढ़े तीन बजे हॉस्पिटल स्टॉफ ने पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी पर हरदोई से पहुंचे पिता ने चिनहट थाने में दोस्त आदित्य पाठक पर हत्या का आरोप लगाते मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी आदित्य को गिरफ्तार कर लिया है। हरदोई सदर कोतवाली निवासी यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक के सीनियर मैनेजर संतोष तिवारी की बेटी निष्ठा (23) की मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, बीबीडी हॉस्टल छोड़कर दो महीने पहले ही निष्ठा पारस नाथ सिटी में किराए पर रहने लगी थी। बुधवार रात निष्ठा कॉलेज में गणेश उत्सव से अपने दोस्त आदित्य पाठक के दयाल रेजीडेंसी स्थित फ्लैट पर पहुंची।

### बीवी मायके गई तो पति ट्रेन के आगे कूदा

मुरादाबाद। मुरादाबाद में एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। बीवी के नाराज होकर मायके जाने की वजह से युवक परेशान था। वो घर से निकला और काफी देर तक गुमसुम हालत में रेलवे ट्रैक के किनारे टहलता रहा। जब ट्रेन आई तो उसके सामने कूद गया। घटना मझोला थाना क्षेत्र में भोला सिंह की मिलक के सामने से गुजर रही रेलवे लाइन की है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि युवक के ट्रैक पर कूदकर सुसाइड करने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराई तो मरने वाले की शिनाख्त सचिन यादव उर्फ कुलदीप के रूप में हुई। मृतक मझोला थाना क्षेत्र में बुद्धि विहार फेस टू में सेक्टर 6 बी का रहने वाला था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सचिन उर्फ कुलदीप (31 साल) की शादी फरवरी 2023 में ममता पुत्री महिपाल निवासी गांव अतरासी थाना बहजोई संभल के साथ हुई थी। ममता 6 माह की गर्भवती है। परिजनों ने बताया कि 3 दिन पहले ममता अपने भाई के साथ मायके चली गई थी। इस बात को लेकर सचिन बहुत तनाव में था। उसने पत्नी को मायके जाने के लिए मना किया था। लेकिन वो नहीं मानी। इसी वजह से उसने सुसाइड कर लिया।

### किसानों ने बिजली घर पर दिया धरना

अमरोहा। अमरोहा में बिजली विभाग के खिलाफ आज तमाम किसान धरने पर बैठ गए। किसानों का कहना था कि बिजली विभाग अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहा है। किसानों के नलकूपों पर जबरन मीटर लगवाए जा रहे है। जिसकी वजह से किसान परेशान है। इतना ही नहीं किसानों के बिजली बिल में भी जमकर हेराफेरी की जा रही है। साथ ही बिजली बिल को सही कराने के एवज में विद्युत विभाग पर वसूली करने का आरोप लगाया। कहा कि विद्युत विभाग का एक व्यक्ति ऑफिस के बाहर खड़ा रहता है। जहां वह बिल सही कराने के नाम पर अवैध वसूली करता है। इसके साथ ही किसानों ने जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। दरअसल गुरुवार को अमरोहा के गजरौला में फाजलपुर बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के नेताओं ने किसानों की निम्न मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# एक हफ्ते के अंदर मिलेंगे आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र

## योगी सरकार ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के लिए निर्धारित समय सीमा में करेगी बदलाव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं को तय समय सीमा के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सेवाओं के लिए निर्धारित तय समय सीमा को कम करने की बात कही। ऐसे में जल्द ही निर्धारित तय समय सीमा को कम करने का आदेश जारी किया जा सकता है। वहीं तय समय सीमा के बाद लंबित मामलों को लेकर जिलाधिकारियों को जवाबदेही तय करने को कहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के निस्तारण में हीलाहवाली और लेटलतीफी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश सीएम कमांड सेंटर और डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। ऐसे में अब प्रदेशवासियों को जाति, निवास, आय और हैसियत प्रमाण पत्र के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।



समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष ई डिस्ट्रिक्ट की सेवाओं का खाका प्रस्तुत किया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ई डिस्ट्रिक्ट के तहत प्रदेश में जनवरी से अब तक 61,32,976 जाति प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे तहसीलदार द्वारा 15 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 59,13,420 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 96 प्रतिशत है।

वहीं 2,12,227 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 7,329 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। इसी तरह जनवरी से अब तक 76,45,970 निवास प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे उपजिलाधिकारी द्वारा 20 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 73,70,019 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 96 प्रतिशत है। वहीं 2,61,119 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 7,832 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। वहीं जनवरी से अब तक 77,62,086 आय प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे तहसीलदार द्वारा 15 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 74,31,669 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 95 प्रतिशत है। वहीं 2,75,433 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 54,984 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। हैसियत प्रमाण पत्र के जनवरी से अब तक 31,853 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिन्हे जिलाधिकारी द्वारा 45 दिनों में जारी किया जाता है।

अब तक 31,853 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 58 प्रतिशत है। वहीं 3,421 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 9,765 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर ई डिस्ट्रिक्ट की सेवाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

### मीडिया एसोसिएशन का 6वां स्थापना दिवस कार्यक्रम होगा दिल्ली में

फर्रुखाबाद। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन का 6वां स्थापना कार्यक्रम 25 सितंबर 2023 को राजधानी दिल्ली में आयोजित कराया जायेगा। यहां स्थित संगठन के स्थानीय कार्यालय में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिह कुशवाहा ने गुरूवार को यह दी । उन्होंने बताया कि संगठन के छठवें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष होंगे। इसके साथी मुख्य वक्ताओं में नोएडा से वरिष्ठ पत्रकार अनिल माहेश्वरी एव दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार उर्मिलेश होंगे। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि इस आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सहारा समय ग्रुप एडिटर रमेश अवस्थी, दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री एवं राष्ट्रीय सहारा के अनुराग मिश्रा, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित 'समृद्धि न्यूज़' हिंदी दैनिक के प्रधान संपादक डॉ जितेंद्र सिंह यादव, वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर तसलीम रहमानी एवं नोएडा से वरिष्ठ पत्रकार बी के अवस्थी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। कुशवाहा ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं, इसके साथ ही फर्रुखाबाद जिले से भाग लेने वाजे दर्जनों पत्रकारो का दिल्ली पहुंचना शुरू हो गया।

# कौशांबी : तिहरे हत्याकांड के सभी आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुए तिहरे हत्याकांड के नामजद सभी आरोपियों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त एक राइफल व कट्टा भी आज बरामद कर लिया गया ।

पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने गुरूवार को बताया कि मोहिद्दीनपुर गौस के पंडा चौराहा निवासी शिवशरन, होरीलाल और उसकी पुत्री बजकली की आरोपियों द्वारा 15 सितंबर की रात गोली मार का हत्या कर दी गई थी।

उन्होंने बताया कि मृतक शिवशरण पांडा चौराहा पर जमीन खरीदने का एग्रीमेंट कराया था उसी जमीन पर छप्पर डालकर अपने ससुर होरीलाल और पत्नी ब्रजकली के साथ रहता था। घटना का मुख्य आरोपी सुरेश जो पीएससी 42 में बटालियन नैनी में सिपाही के पद पर कार्यरत है वह शिवशरण के जमीन पर कब्जा करना चाहता था ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरेश और अभियुक्त जय करण सिंह और अमर सिंहको यह बात खटकती थी



कि उनके और उनके बिरादरी के घर के पास दलित वर्ग के शिवशरण का मकान बने ।

सूत्रों के अनुसार सुरेश कुमार द्वारा कई बार मृतक शिवशरण के जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया था लेकिन असफल रहा।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार पांडा चौराहा के पास आईटीआई विद्यालय बन जाने के बाद एवं उस स्थान से हाईवे प्रस्तावित होने के बाद आरोपियों को शिवशरण का वहां रहना खटक रहा था, इसी के चलते आरोपियों ने योजना बनाकर सोते वक्त गोलीमार कर शिवशरण सहित तीन लोगों की हत्या कर दी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक होरीलाल के पुत्र सुभाष ने इस घटना में गुड्डू अमर सिंह ,अमित सिंह ,अरविंद सिंह, अनुज सिंह ,राजेंद्र सिंह, सुरेश कुमार व अजीत को नाम जद किया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी।

### हापुड़ में सड़क हादसा,चार मरे दो घायल

हापुड़ । उत्तर प्रदेश में हापुड़ जिले के धौलाना क्षेत्र में एक बेकाबू कैंटर के ढाबे में घुसने के चार लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। अपर पुलिस अधीक्षक सर्वेश मिश्र ने गुरुवार को बताया कि गाजियाबाद-दादरी राजकीय राजमार्ग पर खिर्जाबाद रोड पर बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार कैंटर सड़क किनारे ढाबे की दीवार तोड़ कर भीतर प्रवेश कर गया। घटना के समय कुछ लोग भोजन कर रहे थे। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसे में घायल दो अन्य का इलाज दादरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा है जिनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जाती है। उन्होने बताया कि मृतकों की पहचान एटा जिला निवासी अरूण और कासगंज निवासी जितेंद्र (18) के तौर पर की गयी है। दोनो ढाबा कर्मचारी बताये जाते हैं। अन्य दो मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। हादसे के बाद कैंटर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# झांसी : लापरवाह पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, आठ निलंबित

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी रेलवे कोर्ट में पेशी के लिए लाए गये सात में से तीन कैदियों के पुलिस के व्यापक इंतजाम के बावजूद वैन से निकल भागने के मामले में दोषी पाये गये आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने इस संबंध में जानकारी देते हुए देर रात बताया कि रेलवे कोर्ट में पेशी के लिए लाये गये सात में भी तीन कैदियों के फरार होने के मामले में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के खिलाफ एक




प्रारंभिक जांच की गयी थी। जांच में इस मामले में आठ पुलिसकर्मियों की गंभीर लापरवाही सामने आयी है और इसके बाद तीन सब इंस्पेक्टर, चार हेड कांस्टबेल और एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि रेलवे कोर्ट से कैदियों के फरार होने के मामले में जीआरपी थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इन फरार कैदियों की धरपकड के लिए झांसी जनपद पुलिस की दो टीमों के साथ साथ जीआरपी की एक टीम और स्वाट पुलिस की टीम भी मिलकर काम कर रही है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि शीघ्र ही फरार कैदियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

इस मामले में झांसी पुलिस की काफी किरकिरी हुई थी जब मंगलवार को रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे कोर्ट में पेशी के लिए लाए गये सात में से तीन कैदी पुलिसकर्मियों की आंखों में धूल झोंककर वैन से निकल भागे थे। इस पूरे मामले में पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरे जब खंगाले तो कैदियों के निकल भागने में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की गंभीर लापरवाही सामने आयी।

इस वीडियो फुटेज के लीक होने और तेजी से वायरल होने के बीच एसएसपी ने कैदियों की सुरक्षा में लगाये गये 12 में से आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिये हैं।

# कुशीनगर : पुलिस और अंतराज्यीय पंखिया गिरोह में हुई मुठभेड़, चार बदमाश गिरफ्तार

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में रामकोला थाना क्षेत्र के माघी मठिया नहर पुल के पास अंतरराज्यीय पंखिया गिरोह के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़ में तीन बदमाशों को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अन्य बदमाश को पुलिस ने भागते हुए दबोच लिया है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि बदमाशों के पास से पुलिस ने एक लाख 26 हजार नगद, चार अवैध शस्त्र, सोने के गहने के अलावा स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद किया है। मौके से पुलिस ने मुठभेड़ की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी धवल



जायसवाल ने पुलिस टीम को बधाई दी है। रामकोला थाना क्षेत्र के सिगहा में बीते सप्ताह सिंगहा निवासी समरजीत शाही के यहां बड़ी चोरी हुई थी। यह चोरी पुलिस के लिए चुनौती बन गई थी।

इसके खुलासे के लिए एसपी धवल जायसवाल ने स्वाट टीम सर्विलांस के अलावा रामकोला पुलिस को लगाया था। काफी प्रयास के बाद स्वाट टीम सर्विलांस टीम के अलावा रामकोला और पडरौना कोतवाली पुलिस ने माधी मठिया नहर पुल के समीप एक स्कॉर्पियो गाड़ी की कल देर रात घेराबंदी की, जहां पुलिस से मुठभेड़ हुई। पहले मुकद्दर अली व जाफर अली तथा जाहिद अली गढ़िया पैगंबर थाना हजरतपुर जिला बदायूं व समीदुल साकीम मुनता नगला थाना सिकंदरपुर जिला कासगंज ,पुलिस देख भागने लगे। अंधेरे में चोरों ने फायरिंग की जवाब में पुलिस ने भी फायर किया, जिसमें मुकद्दर अली, जफर अली, जाहिद अली, को पैर में गोली लगी।

वहीं समीदुल अली को पुलिस ने पकड़ लिया जहां उन सभी के पास से चार अवैध असलहा मिला और सोने के गहने के अलावा स्कॉर्पियो गाड़ी भी पुलिस ने बरामद की जिसमें चोरी में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री भी पुलिस के हाथ लगी।

# जालौन : पोषण रैली की गयी रवाना

जालौन। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में गुरुवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने राष्ट्रीय पोषण माह (सितम्बर 2023) के अन्तर्गत जनपद में एक पोषण रैली निकाली। इस अवसर पर कलैक्ट्रेट परिसर उरई से जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे द्वारा हरी झण्डी दिखाकर विशाल ''पोषण रैली'' को रवाना किया गया। जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा कुपोषण मुक्त जनपद जालौन तथा पोषण जागरुकता सम्बन्धी नारे लगाते हुए पोषण रैली अम्बेडकर चैराहा उरई तक निकाली गयी। जनपद में 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद जालौन के सभी 1815 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रतिदिन पोषण सम्बन्धी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह के दौरान समग्र रुप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करने वाली माताओं और 06 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु जन भागीदारी के माध्यम से जागरुकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह की थीम ''सुपोषित भारत, साक्षर भारत व सशक्त भारत''है। पोषण रैली में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।

# महोबा : तालाब से बरामद किया गया युवती का शव

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कबरई क्षेत्र में संदिग्ध तरीके से लापता हुई एक युवती का शव आज तालाब में पड़ा पाये जाने से हड़कम्प मचा गया।

अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया कि 21 वर्षीय युवती कल सुबह पूजा अर्चना हेतु मन्दिर जाने के लिए निकली थी लेकिन वह वापस घर नही लौटी।

परिजनों ने उसकी चारो तरफ खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नही लगा। युवती की बेहद रहस्यमय तरीके से हुई गुमशुदगी लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस युवती की तलाश में लगी थी।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक सूचना पर पुलिस ने आज सुबह कस्बे के बर्मा तालाब में पानी पर उतराते हुए एक युवती के शव को बरामद किया। जिसकी शिनाख्त युवती के रूप में की गई। शव की हालत को देखकर प्रथम दृष्टया लग रहा है कि उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी गयी हालांकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रेमी-प्रेमिका को पेड़ से बांधकर पीटा

रायबरेली। रायबरेली में प्रेमी-प्रेमिका को पेड़ से बांधकर पीटने का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि प्रेमिका के घर वाले कहीं गए थे। इस बीच प्रेमिका ने प्रेमी को घर मिलने के लिए बुला लिया। दोनों घर में मौजूद थे, तभी पड़ोस के लोग वहां पहुंच गए और दोनों को पकड़ लिया। पड़ोसियों ने लड़की के परिवार वालों को फोन कर दोनों के बारे में जानकारी दी। परिवार के लोग घर पहुंचे और दोनों को गांव के बाहर एक पेड़ से बांध दिया। इसके बाद दोनों की पिटाई करने लगे। दोनों को कई थप्पड़ मारे और दोबारा न मिलने की नसीहत दी।

# रायबरेली : महिला सभासद का शव फांसी पर मिला लटकता,जांच शुरू

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के शिवगढ़ इलाके में महिला सभासद का शव गुरूवार सुबह अपने घर पर फांसी के फंदे से लटकता मिलने से सनसनी फैल गयी। सभासद के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि शिवगढ़ की महिला सभासद आरती रावत (25) की मृत्यु संदिग्ध हालात में घर पर हुई है। मृतका शिवगढ़ के वार्ड नंबर 2 से सभासद थी।

मृतका का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ससुराल में दुप्पटे के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता हुआ आज सुबह बरामद हुआ है। पुलिस को सुबह करीब 8 बजे सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। अनुमान है कि सुबह तड़के ही यह घटना घटी होगी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका का लगभग 5 वर्ष पहले विवाह हुआ था। पति पत्नी में कुछ आपसी विवाद चल रहा था। मृतका की छह महीने की बच्ची भी है। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या की घटना प्रतीत होती है लेकिन बिना पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आये अभी कुछ स्पष्ट नही कहा जा सकता है। मृतका के मायके के परिजनों से तहरीर ली जा रही है आगे पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद जैसा भी होगा उसी के अनुसार व मामले की तहकीकात कर कार्रवाई की जाएगी।

# संभल में गैंगरेप का आरोपी ग्राम प्रधान गिरफ्तार

संभल। संभल पुलिस ने गैंगरेप के आरोपी ग्राम प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने प्रधान का जिला संयुक्त चिकित्सालय में मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में प्रस्तुत किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। प्रधान सहित दो अन्य लोगों पर एक महिला ने गैंगरेप का आरोप लगाया था। मामले में स्नद्बक्रदर्ज करते हुए पुलिस ने प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला जिले के थाना कैलादेवी क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने एक गांव के प्रधान विजेंद्र को गिरफ्तार किया है। घटना 10 अगस्त की है। एक महिला ने थाने में आरोप लगाते हुए बताया थी वह



जंगल में गई हुई थी कि तभी तीन लोगों ने उसके साथ गलत काम किया। उसे बंधक बनाया गया था। इस मामले में जब महिला की शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, तो उसने पुलिस अधीक्षक संभल को शिकायती पत्र देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई थी। इसके बाद 5 सितंबर को ग्राम प्रधान विजेंद्र उसके साथी कल एवं एक अज्ञात के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया। संभल सीओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि थाना कैलादेवी क्षेत्र की एक महिला ने खिरनी मोहिदिनपुर के ग्राम प्रधान के खिलाफ छेड़खानी एवं बलात्कार करने का गंभीर आरोप लगाया गया था। प्रार्थना पत्र पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

### बेटे ने माता-पिता पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**जालौन।** जालौन में संपत्ति बंटवारे को लेकर बेटे ने अपने माता-पिता के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर मरणासन्न कर दिया। शोर गुल सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने दंपती को लहूलुहान हालत में मरणासन्न देखा। लोगों को देख पुत्र मौके से भाग गया। लहूलुहान हालत में देख दोनों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठं में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंची और हमलावर को खोजने में जुटी है। यह घटना कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शेखपुर अहीर गांव की है। यहां के रहने कृपाल यादव और उसकी पत्नी संतोषी घर पर रहकर अपना जीवन यापन कर रहे थे, दंपत्ति का उसके पुत्र कमल जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार दोपहर को कमल घर पर आया और बंटवारे को लेकर अपनी मां संतोषी से बहस करने लगा, जिस पर उसका पिता कृपाल भी आ गया।

## शार्ट न्यूज

### एडब्लूएस पर स्विफ्टचैट कन्वर्सेशनल एआई प्लेटफॉर्म का विकास

नयी दिल्ली। भारतीय एजुकेशन टेक्नोलॉजी (एडटेक) सोशल एंटरप्राइज, कॉन्वेजीनियस ने एडब्लूएस पर सरकारी स्कूलों और कम फ़ीस वाले प्राइवेट स्कूलों के लिए एक कन्वर्सेशनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट प्लेटफॉर्म स्विफ्टचैट का विकास किया है। अमेज़न वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज बताया कि विश्व की इस अग्रणी क्लाउड सेवा के साथ स्विफ्टचैट का उद्देश्य भारत में 10 करोड़ से ज़्यादा विद्यार्थियों को 13 क्षेत्रीय भाषाओं में पर्सनालाइज्ड लर्निंग सामग्री प्रदान करने वाले 53 से अधिक कन्वर्सेशनल एआई चैटबॉट्स का उपयोग कर के-12 स्कूल के विद्यार्थियों के अध्ययन में सुधार लाना है। 1.9 करोड़ डिवाइस में 12.4 करोड़ विद्यार्थियों के प्रोफाइल के साथ स्विफ्टचैट प्लेटफॉर्म का उपयोग करके सरकारी स्कूल एक ऑम्नीचैनल चैटबॉट बना सकते हैं, जो विद्यार्थियों को पर्सनालाइज्ड लर्निंग जैसे क्यूरेटेड वीडियो और सिंगल एआई-इनेबल्ड चैटबॉट संवाद द्वारा कंटेंट को पढ़ने में मदद करता है। पर्सनालाइज्ड लर्निंग के अलावा, स्विफ्टचैट स्कूल प्रशासकों को शिक्षक प्रशिक्षण एवं डेटा पर आधारित निर्णय लेने में समर्थ बनाता है।

### ऊंची ब्याज दर के संकेत से बाहार में हाहाकार

मुंबई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के लंबे समय तक ब्याज की दर ऊंची बने रहने के संकेत से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर चौतरफा बिकवाली करने से शेयर बाजार में आज भी हाहाकार रहा। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 570.60 अंक अर्थात 0.85 प्रतिशत का गोता लगाकर 66230.24 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 159.05 अंक यानी 0.8 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19742.35 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.99 प्रतिशत टूटकर 31,992.41 अंक और स्मॉलकैप 0.98 प्रतिशत लुढ़ककर 37,043.75 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3793 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2337 में गिरावट जबकि 1317 में तेजी रही वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां लाल जबकि शेष 16 हरे निशान पर रही। बीएसई में टेक समूह की 0.06 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष 19 समूहों में गिरावट का रुख रहा।

### पीएफसी सतलज जलविद्युत की 1.19 लाख करोड़ रु. की परियोजनों को देगा कर्ज

**नयी दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कार्पोरेशन (पीएफसी) और सतलज जलविद्युत निगम लिमिटेड ने बड़े पैमाने पर विभिन्न परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। पीएफसी की बुधवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह समझौता नवीकरणीय ऊर्जा उद्यमों (सौर, जलविद्युत और पंप स्टोरेज) के अंतर्गत कुल 12,178 मेगावाट क्षमता के साथ-साथ 660 मेगावाट की एक तापीय विद्युत उत्पादन परियोजना के लिए है। इन परियोजनाओं पर लगभग 1,18,826 करोड़ रुपये की लागत आएगी। समझौता ज्ञापन पर पीएफसी के वाणिज्यिक निदेशक मनोज शर्मा और एसजेवीएन के निदेशक (वित्त) अखिलेश्वर सिंह ने हस्ताक्षर किए ।इस अवसर पर पीएफसी की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती परमिंदर चोपड़ा और एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नंद लाल शर्मा और दोनों कंपनियों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके तहत पीएफसी इन परियोजनाओं के लिए 80,000 करोड़ रुपये से 90,000 रुपये तक की सावधिक कर्ज की मदद कर सकता है।

### फिर 100 डॉलर के पार पहुंच सकता है कच्चा तेल

नई दिल्ली। कच्चा तेल फिर 100 डॉलर के पार जा सकता है। गोल्डमैन सैश ने यह अनुमान जताते हुए कहा, मांग में उछाल और ओपेक सहित अन्य देशों में आपूर्ति प्रतिबंधों के कारण क्रूड के दाम में तेजी आ सकती है। इससे महंगाई पर दबाव बना रहेगा। जून मध्य से अब तक क्रूड 30 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 95 डॉलर तक पहुंच चुका है। हालांकि, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय से पहले बुधवार को तेल का भाव एक डॉलर तक गिर गया था। ओपेक प्लस देशों के प्रमुख सऊदी अरब व रूस के आपूर्ति प्रतिबंधों से कच्चा तेल इस समय 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। अमेरिका और चीन में बेहतर स्थिति ने भी इसमें मदद की है। तेल के भंडार में तेजी से गिरावट आ रही है। ओपेक 2024 में मजबूत एशिया-केंद्रित वैश्विक मांग वृद्धि का लाभ उठाकर ब्रेंट को 80 डॉलर से 105 डॉलर के दायरे में बनाए रखने में सक्षम होगा। पिछले सप्ताह अमेरिकी तेल के भंडार में 50 लाख बैरल की कमी आई थी।

### डीएचएफएल के पूर्व प्रवर्तकों पर लगा छह करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्प लिमिटेड (डीएचएफएल) के मामले में प्रकटीकरण मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए कपिल वधावन और धीरज वधावन सहित 15 इकाइयों पर कुल छह करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। वधावन डीएचएफएल के पूर्व प्रवर्तक हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक आदेश में कहा कि जुर्माना 45 दिनों के भीतर संयुक्त रूप से और अलग-अलग भुगतान करना होगा। कपिल और धीरज के अलावा, सेबी द्वारा दंडित किए गए अन्य लोगों में राकेश कुमार वधावन, सारंग वधावन, अरुणा वधावन, मालती वधावन, अनु एस वधावन और पूजा डी वधावन शामिल हैं। वधावन होल्डिंग, वधावन कंसोलिडेटेड होल्डिंग, वधावन रिटेल वेंचर, वधावन ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, हेमिस्फेयर इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया, गैलेक्सी इंफ्राप्रोजेक्ट्स एंड डेवलपर्स और सिलिकॉन फर्स्ट रियलटर्स पर भी जुर्माना लगाया गया है।

# मोटो जीपी भारत के जरिए यूपी की सशक्त छवि को प्रस्तुत करेगी योगी सरकार

## सीएम योगी शनिवार को मोटो जीपी से जुड़ी कंपनियों और ब्रांड्स के सीईओज के साथ करेंगे बैठक

लखनऊ/नोएडा। शुक्रवार से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर होने जा रही पहली मोटो जीपी भारत को लेकर योगी सरकार ने बड़ी तैयारी की है। इस इंटरनेशनल इवेंट को भव्य और सफल बनाने के लिए सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। इवेंट के आयोजन के साथ-साथ योगी सरकार इसके माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश की संभावनाएं तलाशने का भी प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों के दृष्टिगत सीएम योगी शनिवार 23 सितंबर को %मोटो जीपी भारत के लिए आ रहे टॉप कंपनियों के सीईओज के साथ एक राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस (सीईओ कॉन्क्लेव) करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री इन सीईओज को उत्तर प्रदेश की समृद्धि, उभरते बाजार, इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी समेत अन्य विशेषताओं और संभावनाओं से रूबरू कराएंगे। सीएम ही नहीं, यह आयोजन स्वयं भी उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा और प्रदेश की मजबूत आर्थिक स्थिति का स्नैपशॉट प्रस्तुत करेगा।

### टू व्हीलर इंडस्ट्री को रिप्रजेंट कर रहा मोटो जीपी

भारत में पहली बार होने जा रही मोटो जीपी के लिए मेहमानों का आना शुरू हो गया है। इस इवेंट में हिस्सा ले रहे चालकों ने गुरुवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर ट्रेनिंग सेशन में भी हिस्सा लिया। इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां किसी न किसी रूप में भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के सीईओ भी इवेंट में शिरकत करने आ रहे हैं। मोटो जीपी की छवि एक ऐसे समृद्ध खेल की है, जिसे न सिर्फ बड़ी



संख्या में फैंस का सपोर्ट है बल्कि दुनिया भर के बड़े ब्रांड्स भी इसे तवज्जो देते हैं। कुछ वर्षों में इस खेल ने होस्ट कंट्रीज की अर्थव्यवस्था में भी बड़ा योगदान दिया है। यह खेल टू व्हीलर्स इंडस्ट्री को रिप्रजेंट करता है और भारत व एशिया के अधिकांश हिस्सों में इसकी मजबूत स्थिति है। साथ ही मोटो जीपी ने खेल के माध्यम से रोड सेफ्टी और रोड टू मोटोजीपी कार्यक्रमों जैसे सोशल इनीशिएटिव्स से मोटरसाइकिल सेक्टर और उससे आगे के लिए सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी डेवलप करने की दिशा में जो काम किया है वह सकारात्मक बदलाव लाया है।

### बड़े पैमाने पर लोगों का होगा इंगेजमेंट

इस ग्लोबल रेसिंग इवेंट में कुल मिलाकर प्रति दिन करीब 1.5 लाख लोग इंगेज होंगे। वहीं, विदेशों से 10,000 लोग इस इवेंट का हिस्सा बनने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट आएंगे। इसके अतिरिक्त, 200 देशों में इस इवेंट को टेलीकास्ट किया जाएगा और 800 से लेकर 1.80 लाख रुपए तक की प्राइस रेंज में इवेंट से जुड़े टिकट्स बिक रहे हैं। कुल 20 अलग-अलग रेसिंग इवेंट्स का आयोजन इन तीन दिनों में होगा जिसमें मेन स्पोर्टिंग इवेंट के तहत फाइनल रेस 24 सितंबर को होगी। इसमें मुख्यत: 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं और दुनिया के सभी देशों से रेसिंग इवेंट के शौकीन दर्शक नोएडा का रुख कर रहे हैं। एक आंकलन के अनुसार, इस इवेंट की टेलीकास्टिंग को पूरी दुनिया में 45 करोड़ से अधिक व्यूअरशिप मिलेगी।

### ये स्टार कर रहे पार्टिसिपेट

मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने के लिए दो बार के चैंपियन और वर्ल्ड नंबर वन फ्रांसिस्को बागनाइया (डुकाटी), एनिया बास्तियानीनी (डुकाटी), ब्रैड बाइंडर (रेड बुल), जैक मिलर (रेड बुल), एलेक्स एसपरगारो (एप्रिला), मावेरिक्स विनालेस (एप्रिला), जोहान जारको (प्राइमा) और जॉर्ज मार्टिन (प्राइमा) समेत अन्य दिग्गज हिस्सा ले रहे हैं।

### ये होगा टाइम टेबल

मोटो जीपी भारत में शुक्रवार को प्रैक्टिस सेशन का आयोजन किया जाएगा जो सुबर 9.30 बजे से दोपहर 4 बजे तक अलग-अलग कैटेगरी में चलेगा। शनिवार को प्रैक्टिस सेशन के साथ ही क्वॉलीफाइंग और 12 लैप्स की मोटो जीपी टिसॉट स्प्रिंट होगी। रविवार को वॉर्म-अप के बाद तीनों कैटेगरीज (मोटो-3, मोटो-2 और मोटो जीपी) की मुख्य रेस का आयोजन होगा।

# भारत को एक एक्वाकल्चर पावरहाउस में बनाना है लक्ष्य : लांच होगा सिस्टा 360

## भारत की जलकृषि क्रांति : सेमिनार में वैश्विक नेतृत्व के लिए ब्लूप्रिंट का किया जाएगा अनावरण

नई दिल्ली। आगामी 25 सिंतबर, 2023 को नई दिल्ली में सस्टेनेबल एक्वाकल्चर: भारत के वैश्विक लीडर बनने की क्षमता विषय पर आयोजित होने वाला अभूतपूर्व सेमिनार एक दूरदर्शी कदम के तहत टिकाऊ जलीय कृषि के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने वाले मत्स्य पालन मंत्री परषोत्तम रूपाला के साथ यह ऐतिहासिक कार्यक्रम भारत की जलीय कृषि यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण होगा। अन्य वक्ताओं में संसद सदस्य एनके प्रेमचंद्रन सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### जलीय कृषि क्षेत्र पिछले एक दशक में देखा गया उल्लेखनीय परिवर्तन...

दूरदर्शी नेतृत्व और स्थिरता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता से प्रेरित, भारत के जलीय कृषि क्षेत्र में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन देखा गया है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरी




ब्लू क्रांति के आह्वान ने नीतिगत सुधारों की एक लहर शुरू की, जिससे जलीय कृषि क्षेत्र में विकास को विशेष प्राथमिकता मिली। प्रधानमंत्री की मत्स्य सम्पदा योजना और तटीय जलकृषि प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक 2023 जैसी उल्लेखनीय पहल इस यात्रा में महत्वपूर्ण मील के पत्थर साबित हो रही है।

किंग्स इंफ्रा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक साजी बेबी जॉन ने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, यह सेमिनार भारत के जलीय कृषि उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हम विकास और स्थिरता के एक अभूतपूर्व युग के कगार पर खड़े हैं। उन्होंने कहा, किंग्स इंफ्रा नवाचार और सहयोग के माध्यम से जलीय कृषि में वैश्विक लीडर बनने की भारत की यात्रा का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### विभिन्न राज्यों के किसान समूह लेंगे भाग...

सेमिनार में प्रसिद्ध विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, प्रौद्योगिकीविदों, निवेशकों के अलावा विभिन्न राज्यों के किसान समूह भी भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान व्यक्तिगत के साथ ही ऑनलाइन दोनों तरह से एकत्रित होने के लिए एक मंच प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी लोग भारत के जलीय कृषि समुदाय की समावेशिता और विविधता का प्रदर्शन करेंगे।

इस कार्यक्रम में सिस्टा360 का राष्ट्रीय लॉचिंग मुख्य आकर्षणों में से एक रहेगा, जो एक अभूतपूर्व डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे पता लगाने योग्य, पारदर्शी, टिकाऊ और लाभदायक जलीय कृषि समाधान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सिस्टा360 इनपुट खरीद को सरल बनाने, टिकाऊ उत्पादन को प्रोत्साहित करने, लाभदायक विपणन की सुविधा देने के साथ ही सरकारी योजनाओं और कार्यक्रम लिंकेज पर मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान करता है।

### समुद्री शैवाल की खेती और मूल्यवर्धित उत्पादों के विकास पर भी रहेगा फोकस...

सेमिनार में समुद्री शैवाल की खेती और मूल्यवर्धित उत्पादों का विकास पर भी मुख्यरूप से फोकस किया जाएगा। दरअसल, ये नवाचार न केवल भारत के तटीय और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बल्कि देश के कृषि क्षेत्र के लिए भी आशाजनक हैं। उद्योग और शिक्षा जगत की संलग्धता से नई घरेलू नस्लों, प्रजातियों के विविधीकरण और पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण जैसी पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार प्रथाओं का उदय हुआ है।

# अपने पोटेंशियल को पहचान चुका है उत्तर प्रदेश : योगी

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश अपने पोटेंशियल को पहचान चुका है। नए एक्सप्रेस वे, वाटरवे और एयरपोर्ट के माध्यम से उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से निकलकर समृद्ध राज्य की ओर कदम बढ़ा चुका है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। अब अपने स्केल को स्किल में बदलकर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश अपने आप को प्रस्तुत कर रहा है। यह इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के उन भावनाओं का प्रतिनिधित्व कर रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 6 वर्षों के अंदर यूपी ने प्राप्त की है। सीएम योगी ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अगले 5 दिन तक इस ट्रेड शो में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। सीएम योगी ने कहा कि इस ट्रेड शो में 70 देशों के 70,000 से अधिक बिजनेस टू बिजनेस बायर्स रजिस्ट्रेशन हुए हैं। साथ ही दो हजार से अधिक एग्जिबिटर्स इसमें प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में ट्रेडर्स और बायर्स के इस ट्रेड शो में आने से उत्तर प्रदेश के 96 लाख से अधिक एमएसएमई उद्यमियों को एक नई प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड शो उत्तर प्रदेश को भारत की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन और प्रस्तुत करने में सफल रहेगा।

सीएम योगी ने ट्रेड शो में आए ट्रेडर्स और बायर्स का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपने परंपरागत कारीगरों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई कार्यक्रम चला रही है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों के पास अपना यूनिक उत्पाद है।

इन उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए हमारी सरकार प्रदेश के एक जिला एक उत्पाद योजना का संचालन कर रही है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश के 54 उत्पादों की जीआई टैगिंग हो चुकी है। सीएम योगी ने कहा पिछले 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने देश के कारीगरों और हस्तशिल्पियों को सम्मान देने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। उन्हीं की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश पहले ही इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा चुका था।

# मैनकाइंड फार्मा की ब्रांड जागरुकता के लिए स्पाइसजैट के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। फार्मास्युटिकल कंपनी मैनकाइंड फार्मा ब्रांड जागरुकता बढ़ाने के लिए भारत की प्रमुख विमानन कंपनी स्पाइसजेट के साथ विमान पर ब्रांडिंग के लिए साझेदारी की है।

कंपनी के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजीव जुनेजा ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि इस साझेदारी के तहत स्पाइसजेट के विमान पर मैनकाइंड ब्रांड का प्रदर्शन किया गया है। इसके तहत दो विमान पर अभी यह ब्रांडिंग की गयी है और इसके माध्यम से कंपनी के अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता वाली दवाओं का प्रचार प्रसार करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि भारतीय बाज़ार में 120 डीएमएफ गुणवत्ता की एपीआई दवाएं पेश कर चुकी है और इस वर्ष के अंत तक इसकी संख्या बढ़ाकर 200 करने की तैयारी है।

उन्होंने कहा मैनकाइंड फार्मा में हम आधुनिक हेल्थकेयर समाधानों के माध्यम से लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए प्रयासरत रहे हैं। हमारा उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय गुणवत्ता की एपीआई को सभी के लिए उपलब्ध कराना है।

# सात समुंदर पार से भारत खींच लाई ब्रांड यूपी की धमक

## रोमानिया समेत कई अन्य देशों के उद्यमी पहुंचे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

ग्रेटर नोएडा। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यूपी का चौतरफा विकास हो रहा है। कभी बदतर कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार के लिए बदनाम यूपी आज सुशासन का पर्याय बन गया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो चुकी है। हाइवे, सड़कों का जाल बिछ चुका है। यही, कारण है कि जहां पहले निवेशक राज्य से बाहर जा रहे थे, वहीं योगी राज में सात समुंदर पार से निवेशक निवेश के लिए आ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में शुरू हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के पहले ही दिन रोमानिया समेत कई अन्य देशों के कारोबारी पहुंचे। कारोबारियों ने ट्रेड शो के आयोजन की सराहना की।

ट्रेड शो पहुंचे रोमानिया के कारोबारी टिओडोर क्यूरिया यूपी के उद्यमियों से मिलकर बहुत खुश दिखे। उन्होंने कहा कि वो पहली बार भारत में इस तरह के ट्रेड शो में शामिल हो रहे हैं। कंस्ट्रक्शन का कारोबार करने वाले टिओडोर ट्रेड शो में कारोबार की संभावना तलाशने आए थे। वहीं रोमानिया के ही एक अन्य कारोबारी रसवन पॉप ने कहा कि योगी सरकार कारोबार को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक कदम उठा रही है।

### इंदौर से एक साथ 15 कारोबारी पहुंचे ट्रेड शो

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इंदौर के 15 कारोबारियों का समूह एक साथ पहुंचा। कारोबारी मेहूल दूबे ने कहा कि योगी के नेतृत्व में यूपी का चौतरफा विकास हो रहा है। यूपी के विकास की चर्चा अब हर तरफ होती है। यूपी अब एक ब्रांड बन चुका है। यूपी के कारीगरों को इस तरह के आयोजनों से बहुत लाभ मिलेगा।

### योगी की तारीफ करते नहीं थके कारोबारी

ट्वॉय बैग खिलौना कंपनी चलाने वाले अंकित लाल यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के भव्य आयोजन से काफी खुश नजर आए। अंकित ने कहा कि पूर्व की सरकारों की तुलना में योगी सरकार बहुत काम कर रही है। सरकार कलाकारों को प्रमोट करने के लिए लगातार आयोजन कर रही है।

# विवेक कटोच को आईडीएसए अध्यक्ष पद की कमान, हरीश पंत उपाध्यक्ष

नयी दिल्ली। डायरेक्ट सेलिंग कम्पनी ओरिफ्लेम इंडिया के कार्पोरेट मामलों के निदेशक(एशिया) विवेक कटोच को भारत में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग की शीर्ष संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) का नया अध्यक्ष चुना गया है।

कटोच दूसरी बार इस प्रतिष्ठित पद के लिये चुने गये हैं। वह वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन्स (डब्ल्यूएफडीएसए) में भी बतौर सदस्य भारतीय डायरेक्ट सेलिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

आईडीएसए की नयी कार्यकारिणी का चुनाव गुरुवार को यहां हुई 27वीं वार्षिक आम बैठक में हुआ जिसमें हर्बललाइफ इंटरनेशनल के निदेशक एवं सरकारी सम्पर्क प्रमुख हरीश पंत को उपाध्यक्ष, मोदीकेयर लिमिटेड में ग्रोथ प्रमुख अपराजिता सरकार को सचिव और एमवे इंडिया के कार्पोरेट मामलों के उपाध्यक्ष रजत बनर्जी को कोषाध्यक्ष पद के लिये चुना गया है।



श्री पंत, उपाध्यक्ष पद के लिये चुने जाने से पूर्व आईडीएसए के कोषाध्यक्ष पद पर थे। आईडीएसए की नयी कार्यकारिणी का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

आईडीएसए के अध्यक्ष पद का कार्यभार सम्भालने के अवसर पर श्री कटोच ने कहा , देश में डायरेक्ट सेलिंग कारोबार सतत गति से आगे बढ़ रहा है। यह उद्योग देश की अर्थव्यवस्था में अपना अहम योगदान करने के साथ लगभग 90 लाख लोगों को पूर्णकालिक अथवा अंशकालिक तौर पर आजीविका प्रदान करने, चैकल्पिक आय के संसाधन का माध्यम भी साबित हुआ है। अब यह उद्योग देश के ग्रामीण हिस्सों में भी प्रसार कर रहा है और हम इसे देश के कोने कोने तक ले जाने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा , उपभोक्ता संरक्षण हमारे लिए सर्वोपरि है। डायरेक्ट सेलिंग को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019 के दायरे में लाने तथा इसके उपरांत इस उद्योग के लिये उपभोक्ता संरक्षण (डायरेक्ट सेलिंग) नियम-2021 के अधिसूचित होने जैसे नियामक आवरण से इसमें न केवल पारदर्शता आई है बल्कि इसे नीतिगत मामलों पर भी और अधिक स्पष्टता मिली है। हम विशेष रूप से खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण की संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्ष लॉकेट चटर्जी और उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव रोहित कुमार का इस उद्योग की चिंताओं को समझने और डायरेक्ट सैलिंग नियमों में वांछित संशोधन करने के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

# डेयरी व्यवसाय बना किसानों की आजीविका उत्थान का जरिया

रुद्रप्रयाग/देहरादून। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद में लगातार दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो रही है। नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसाय से डेयरी विकास विभाग जोड़ने में लगा है। जिससे डेयरी व्यवसाय किसानों की आजीविका के उत्थार का जरिया बन रहा ह।

दुग्ध विकास विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक एसके शर्मा ने बताया कि नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) योजना के तहत डेयरी विकास विभाग किसानों को मवेशी खरीदने एवं उनका व्यवसाय स्थापित करने में पूरी मदद कर रहा है। इसके अलावा समय-समय पर व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण एवं आधुनिक तकनीक के प्रयोग भी सिखाए जा रहे हैं। जनपद में वर्तमान में 15 हजार लीटर दुग्ध उत्पादन प्रतिदिन होता है जबकि करीब 10 हजार लीटर दूध बाहर से आ रहा है, ऐसे में यह स्पष्ट है कि जनपद में इस क्षेत्र में बहुत



लोग स्वरोजगार कर सकते हैं। डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग के चलते पारंपरिक किसानों ने तो तरक्की की ही है, वहीं जिले में कई नए डेयरी व्यवसाय भी स्थापित हो रहे हैं। जिला प्रशासन एवं दुग्ध विकास विभाग के सहयोग एवं मार्गदर्शन में रूद्रप्रयाग के तीनों विकास खंडों में प्रतिवर्ष नए किसान दुग्ध विकास विभाग के जरिए दुधारू पशुओं की खरीद कर अपनी आजीविका में सुधार ला रहे हैं। एनसीडीसी योजना के अंतर्गत डेयरी विकास विभाग किसानों को डेयरी व्यवसाय से जोड़ रहा है। विभाग की ओर से किसानों को आधुनिक तकनीक एवं उपकरणों की जानकारी और प्रशिक्षण भी दी जा रही है। वहीं दुधारू मवेशियों की खरीद के लिए आसानी से लोन (ऋण) उपलब्ध कराने के साथ ही पशुओं की खरीद में पूरी मदद भी की जा रही है। साथ ही, विभाग समय-समय पर किसानों को डेयरी से जुड़े प्रशिक्षण भी दे रहा है। जिससे किसान वैज्ञानिक विधि से पशुओं की देखभाल कर सकें।

वर्तमान समय में जिले में विभिन्न महिला समूह एवं किसान मिलकर प्रतिदिन 15 हजार लीटर से ज्यादा दूध उत्पादन कर बेच रहे हैं।

अगस्त्य मुनि ब्लॉक के हाट गांव के संदीप गोस्वामी पिछले पांच साल से दुग्ध व्यवसाय में हैं। संदीप ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वरोजगार को अपने करियर के तौर पर अपनाया। उन्होंने कई व्यवसायों में हाथ आजमाने के बाद दुग्ध उत्पादन को ही प्राथमिकता देना तय किया। उन्होंने दुग्ध विकास विभाग से संपर्क कर सभी योजनाओं की जानकारी ली। विभाग ने उन्हें योजनाओं की जानकारी देते हुए मवेशी खरीद एवं गौशाला निर्माण में उनकी मदद की। जहां उन्होंने शुरूआत में दो गाय से अपना काम शुरू किया था आज उनके पास 14 मवेशी हैं।

जिनमें उच्च नस्ल की गायें शामिल हैं जो दिन में 25 से 30 लीटर दूध देती हैं। संदीप प्रति महीने करीब 8500 लीटर दुग्ध उत्पादन कर तीन लाख रुपये से ज्यादा की प्रति माह कमाई कर रहे हैं। वहीं संदीप ने अपने व्यवसाय के जरिए 10 लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया है।

जीवन में कुछ करने का ज़ज्बा हो और हौसले बुलंद हों तो कुछ भी असंभव नहीं। इसकी ज्वलंत उदाहरण गीता देवी भी हैं। हाट गांव निवासी गीता देवी बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति नाजुक थी ऐसे में उन्होंने परिवार के भरण पोषण के लिए दुग्ध व्यावसाय का रास्ता चुना। संदीप ने भी उनकी मदद कर उन्हें दुग्ध विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए व्यावसाय स्थापित करने में मदद की। शुरुआत में उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन समय के साथ काम की बारीकियों को समझते हुए उन्होंने संघर्ष जारी रखा। वर्तमान समय में गीता देवी के पास सात मवेशी हैं एवं वह महीने में करीब 3500 लीटर दूध का उत्पादन कर बेच रही हैं। गीता ने बताया कि महीने में डेढ़ लाख से ज्यादा की कमाई डेयरी उत्पाद बेचने से ही हो रही है। उन्होंने अपने साथ चार और लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया है। कोरोना काल में रोजगार छिन जाने के बाद ग्वाड- पुनाड़ निवासी अजय कपरवाण लंबे समय तक बेरोजगारी से जूझते रहे।

## शार्ट न्यूज

### भारत ने बांग्लादेश को 1-0 से हराया, छेत्री ने 85वें मिनट में किया मैच का एकमात्र गोल

हांगझोऊ। एशियाई खेलों में भारतीय फुटबॉल टीम ने अपना दूसरा मैच जीत लिया है। भारत ने बांग्लादेश को 1-0 से हराया। चीन के खिलाफ शर्मनाक हार के बाद टीम इंडिया ने इस मैच में जीत हासिल की है। मैच का एकमात्र गोल सुनील छेत्री ने 85वें मिनट में किया। भारत ने बांग्लादेश को 1-0 से हरा दिया है। एशियाई खेलों में यह भारतीय फुटबॉल टीम की पहली जीत है। पहले मैच में भारत को चीन के खिलाफ 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, बांग्लादेश की टीम लगातार दूसरा मैच हारी है। पहले मैच में म्यामार ने बांग्लादेश को हराया था। इस मैच में भारत के लिए एकमात्र गोल सुनील छेत्री ने किया। उन्होंने 85वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर भारत को निर्णायक बढ़त दिलाई। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहा था, लेकिन दूसरे हाफ के अंत में सुनील छेत्री के गोल ने टीम इंडिया को जीत दिलाई। अब भारत के पास नॉक आउट स्टेज में जगह बनाने का मौका है।

### एम्बाप्पे ने पीएसजी और अल्वारेज ने सिटी को जिताया, बार्सिलोना भी जीता

बर्लिन। यह 2002-03 के बाद पहली बार था कि चैंपियंस लीग के ग्रुप दौर की शुरुआत लियोनल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना हुई। दोनों फुटबालर यूरोप को छोड़ चुके हैं। बावजूद इसके स्टार फुटबालरों ने अपना जलवा बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पेरिस सेंट जर्मेन की बोरसिया डॉर्टमुंड पर 2-0 से जीत में किलियन एम्बाप्पे और गत विजेता मैनचेस्टर सिटी की रेड स्टार बेलग्रेड पर 3-1 से जीत में जूलियन अल्वारेज ने दो गोल किया। वहीं बार्सिलोना ने भी एंटवर्प पर 5-0 से जीत हासिल की। इटली फुटबाल क्लब लाजियो ने एटलेटिको मैड्रिड को अंतिम क्षणों में गोलकीपर इवान प्रोवोडेल के गोल की बदौलत 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। मैनचेस्टर सिटी की रेडस्टार बेलग्रेड के खिलाफ शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले हाफ के इंजरी टाइम में घाना के विंगर ओस्मान बुखारी ने मिर्को इवानिच के पास पर गोल कर रेडस्टार को बढ़त दिला दी। हालांकि लाइंसमैन ने बुखारी को ऑफसाइड करार दिया, लेकिन वीडियो रिव्यू में गोल को मान्य माना गया। दूसरे हाफ में सिटी ने पलटवार किया। 47वें मिनट में ही हालैंड के पास पर जूलियन अल्वारेज ने गोल किया।

### चीन की फिर नापाक हरकत, एशियाड में जाने से रोके गए अरुणाचल के खिलाड़ी

नई दिल्ली। चीन की एक और नापाक हरकत सामने आई है। उसने हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए अरुणाचल प्रदेश के तीन वूशु खिलाड़ियों को अंतिम क्षणों में वीजा नहीं दिया। भारतीय वूशु टीम बुधवार की रात नई दिल्ली से हांगझोऊ के लिए रवाना हो गई, लेकिन तीनों अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ी तेगा ओनिलु, लामगु मेपुंग और वांगसू न्येमान टीम के साथ नहीं जा पाए। बाकी टीम हांगझोऊ के लिए रवाना हो गई। खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) बुधवार को इन खिलाड़ियों के वीजा के प्रयास में लगे रहे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। एक खिलाड़ी को एयरपोर्ट से ही वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी 26 जुलाई को विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के लिए इन्हीं तीनों खिलाडियों को चीन ने नत्थी वीजा जारी कर दिया था। इसके विरोध में भारत सरकार ने पूरी वूशु टीम को एयरपोर्ट से वापस बुला लिया था। सूत्र बताते हैं कि खेल मंत्रालय, आईओए ने इन तीनों खिलाडियों को वीजा जारी करने के लिए आयोजन समिति से बात की तो उनसे कहा गया कि इन खिलाडियों को नत्थी वीजा जारी होगी। इसके लिए खेल मंत्रालय तैयार नहीं था।

### पैसों की तंगी से जूझ रहे भारतीय टेनिस स्टार नागल

नई दिल्ली । देश के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल इन दिनों पैसों की कमी से जूझ रहे हैं और इस कारण वह अच्छी जिंदगी नहीं जी पा रहे हैं। हरियाणा के नागल ने एटीपी टूर में खेलने के लिए एक करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था करने के बाद अब उनके बैंक खाते में 900 यूरो (करीब 80,000 रुपये) बचे हैं। वह पिछले कुछ वर्षों से जर्मनी की नानसेल टेनिस अकादमी में अभ्यास कर रहे थे, लेकिन पैसों की कमी के कारण वह 2023 के सत्र के शुरुआती तीन महीनों में अपने पसंदीदा स्थान पर अभ्यास नहीं कर पाए। उनके मित्र सोमदेव देववर्मन और क्रिस्टोफर मार्कुइस ने जनवरी और फरवरी में उनकी मदद की थी। एटीपी टूर में खेलने के लिए नागल ने अपनी सभी पुरस्कार राशि, आईओसीएल से मिलने वाला अपना वेतन और महा टेनिस फाउंडेशन से मिलने वाली सहायता राशि को खर्च किया है। उनका यह खर्च पाइन में अभ्यास केंद्र में रुकने तथा अपने कोच या फिजियो के साथ टूर्नामेंट के लिए यात्राओं पर होता है। नागल ने कहा, 'मेरे पास बैंका खाते में इतनी ही राशि है जितनी की वर्ष के शुरुआत में थी। यह 900 यूरो (लगभग 80000 रुपये) है। मुझे थोड़ी मदद भी मिली। मेरे पास कोई बड़ा प्रायोजक नहीं है।'

### कंबोडिया के प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र के 78वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका रवाना

नोम पेन्ह। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में भाग लेने के लिए गुरुवार सुबह अमेरिका के न्यूर्याक के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार श्री हुन मानेट शुक्रवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की प्रवक्ता इकाई के प्रमुख मीस सोफॉर्न ने प्रस्थान से पहले संवाददाताओं से कहा, उनका भाषण तीन प्रमुख आयामों पर केंद्रित होगा, अर्थात् वैश्विक संदर्भ, कंबोडिया की सामाजिक-आर्थिक प्रगति, और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) परिवर्तनकारी कार्यों के प्रति कंबोडिया की प्रतिबद्धता। उन्होंने कहा कि सत्र से इतर, कंबोडियाई नेता अपने न्यूयॉर्क प्रवास के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और विभिन्न देशों के गणमान्य व्यक्तियों के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि श्री हुन 25 सितंबर को स्वदेश लौट आयेंगे।

### चिली के स्वतंत्रता समारोह के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत




सैंटियागो। चिली में 15 से 19 सितंबर तक वार्षिक स्वतंत्रता समारोह 'फिएस्टास पैट्रियास' के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कुल 25 लोगों की मौत हुई। चिली के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार ग्यारह लोगों की मौत कुचलने से हुई, टक्कर से छह लोगों की, भिडंत से चार लोगों की और वाहनों के पलटने से चार लोगों की मौत हुई। लोक निर्माण मंत्री जेसिका लोपेज ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में कम मौत हुई हैं, वर्ष 2022 में 40 लोगों की मौत हुई थी। कारबिनेरोस (सैन्यीकृत पुलिस) के आदेश और सुरक्षा के राष्ट्रीय निदेशक एनरिक मोनरास ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नशे में गाड़ी चलाने के लिए कुल 393 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# बारिश की भेंट चढ़ा भारत-मलेशिया मुकाबला, भारत सेमीफाइनल में

हांगझोउ। एशियाई खेल 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मलेशिया के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया लेकिन अधिक वरीयता की वजह से भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एशियाई खेल में पदार्पण कर रहे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 173/2 का स्कोर बनाया और झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में बारिश के कारण खेल रुकने से पहले मलेशिया का स्कोर 1/0 रहा। एशियाई खेल 2023 में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत शीर्ष वरीयता प्राप्त है। भारत की तरफ से मौजूदा कप्तान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने शानदार शुरुआत की। पहले विकेट के लिए दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। छठे ओवर में स्मृति मंधाना 16 गेंदों पर 27 रन के निजी स्कोर पर माहिरा




इज़्ज़ती इस्माइल की गेंद पर कैच आउट हुई। इसके दो गेंद बाद ही बारिश ने मैच में ख़लल डाल दिया।
मैच तक़रीबन एक घंटा और 15 मिनट बाद दोबारा शुरू हुआ। बारिश की वजह से अब यह मैच 20 की जगह 15 ओवर का हो गया। शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स ने तूफानी बल्लेबाजी का मुज़ाहिरा करते हुए तेज़ी से रन बटोरने शुरू किए।
शेफाली वर्मा 67 रन बनाकर मास अलीसा का शिकार बनीं। इसके बाद रिचा घोष ने सात गेंदों पर नाबाद 21 रनों की पारी खेली। जबकि जेमिमा रोड्रिग्स ने 29 गेंदों पर नाबाद 47 रन बनाए। इसके साथ भारत ने 15 ओवर में 173/2 का विशाल स्कोर खड़ा किया।

मलेशिया की टीम अपनी पारी में सिर्फ दो गेंद ही बल्लेबाजी कर पाई। बारिश की वजह से मैच को रोकना पड़ा और आख़िर में यह मैच अंपायरों द्वारा रद्द घोषित कर दिया गया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अधिक वरीयता के कारण सेमीफाइनल में प्रवेश करने में कामयाब रही।
भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब अपना सेमीफाइनल मुकाबला रविवार, 24 सितंबर को बांग्लादेश और हांग-कांग टीम के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल-4 मैच की विजेता टीम के साथ खेलेगी।

### भारत बनाम मलेशिया महिला क्रिकेट : संक्षिप्त स्कोर

भारत महिला 15 ओवर में 173/2 (शेफाली वर्मा 67, जेमिमा रोड्रिग्स 47); मलेशिया महिला 0.2 ओवर में 1/0।

# एशियाड खेलों शनिवार को प्रज्ज्वलित होगी मशाल




हांगझोऊ। चीन के हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों के लिए मशाल वाहक संयुक्त रूप से शनिवार (23 सितंबर) मशाल प्रज्ज्वलित करेंगे। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

एशियाई खेलों के उद्घाटन और समापन समारोह संचालन केंद्र के प्रवक्ता ली यीक्रिंग ने कहा, हरित, डिजिटल एशियाई खेल दुनिया भर के लोगों के लिए लम्बे समय उसकी याद को छोड़ेगा। कार्यक्रम के लिए शो, परिवहन और संबंधित सेवाओं की पूरी तरह से तैयार हो चुकी हैं।

झेजियांग प्रांत के 11 शहरों को कवर करने वाली 12 दिवसीय हांगझोऊ एशियाड मशाल रिले बुधवार को संपन्न हुई। प्रवक्ता ली ने कहा, उद्घाटन समारोह में मशालधारकों द्वारा मेथनॉल द्वारा ईंधन वाले कड़ाही को प्रज्ज्वलित किया जाएगा, जो हरित खेलों की मेजबानी का साक्ष्य है।

हांगझोऊ एशियाड के उद्घाटन समारोह के लिए मुख्य निदेशक और मुख्य निर्माता शा शियाओलान ने कहा, डिजिटल आतिशबाजी, चश्मा-मुक्त 3डी और संवर्धित वास्तविकता सहित उन्नत प्रौद्योगिकियां दर्शकों को शहर में स्थानीय चीनी संस्कृति को महसूस करने का एक अनूठा अनुभव प्रदान करेंगी।

खेल आयोजकों के अनुसार लगभग 50,000 प्रतिभागी उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे, जबकि 1,200 से अधिक स्वयंसेवक सभी का मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए मौजूद रहेंगे।

# शरत कमल और मनिका बत्रा करेंगे भारत की टीटी टीम का नेतृत्व

हांगझोऊ । शरत कमल और मनिका बत्रा के नेतृत्व में 10 सदस्यीय भारतीय टेबल टेनिस टीम एशियाई खेल 2023 में हिस्सा लेगी। टेबल टेनिस टूर्नामेंट 22 सितंबर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में आयोजित किया जा रहा है। टेबल टेनिस ने 1958 में महाद्वीपीय आयोजन के तीसरे संस्करण में एशियाई खेलों के इवेंट में अपनी जगह बनाई थी। उसके बाद से 1970 के संस्करण को छोड़कर हर संस्करण में इसे प्रदर्शित किया गया है। हालांकि, एशियन गेम्स में टेबल टेनिस में पदक के लिए भारत का लंबा इंतजार साल 2018 में समाप्त हुआ, जहां शरत कमल और मनिका बत्रा ने जकार्ता में मिश्रित युगल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। वहीं, एंथोनी अमलराज, हरमीत देसाई, साथियान गणानाशेखरन, मानव ठक्कर और शरत कमल ने पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
गोंगशू कैनाल स्पोर्ट्स पार्क जिम्नेजियम में एशियन गेम्स के 19वें संस्करण में सभी टेबल टेनिस मैचों का आयोजन किया जाएगा।
मिश्रित युगल फाइनल 30 सितंबर को खेला जाएगा, बाकी अन्य फाइनल मुकाबले एक अक्टूबर और दो अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे।

# हरमनप्रीत और लवलीना बनेंगे भारत के ध्वजवाहक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और शीर्ष मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन शनिवार को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 के उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे।
19वां एशियाई खेल आधिकारिक तौर पर हांगझोऊ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा।
विश्व हॉकी के सबसे घातक ड्रैग-फ्लिकर में से एक हरमनप्रीत टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। छह




गोल के साथ, हरमनप्रीत सिंह टोक्यो 2020 में भारत के शीर्ष स्कोरर थे। उन्होंने पिछले साल बर्मिंघम में कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को रजत पदक भी दिलाया था।
हरमनप्रीत ने खुशी जताते हुये कहा मैं भावविभोर हूं। भारत का ध्वजवाहक होना गर्व की अनुभूति कराता है । मैं लवलीना को भी इस मौके के लिये बधाई देना चाहता हूं । मैं जिस जुनून और प्रतिबद्धता के साथ खेलता आया हूं, उसी के साथ टीम की अगुवाई करूंगा । इन खेलों में हमारे देश की एकता और विविधता की भी बानगी मिलेगी और मैं पूरे गर्व के साथ अपना ध्वज थामूंगा।
इस बीच, लवलीना बोरगोहेन मौजूदा विश्व चैंपियन, एशियाई चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। लवलीना बोरगोहेन के अलावा मैरी कॉम एकमात्र अन्य भारतीय मुक्केबाज हैं जिन्होंने ओलंपिक पदक और विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।
ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं, लेकिन 2018 जकार्ता उद्घाटन समारोह के दौरान एशियाई खेलों में पहले ही भारत के ध्वजवाहक रह चुके हैं।
हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 655 सदस्यीय मज़बूत भारतीय दल 40 से अधिक खेलों में भाग लेगा। यह महाद्वीपीय इवेंट में भारत का सबसे बड़ा दल है।
हांगझोऊ में और उसके आसपास कुल 56 स्थानों पर खेलों को आयोजित किया जाएगा, जिसमें 481 स्वर्ण पदक दांव पर होंगे। एशियन गेम्स 2023 का समापन समारोह 8 अक्टूबर को होगा।

# अजरबैजान ने कारबाख पर कब्जा किया

## आर्मेनिया के अलगाववादियों का दावा- हमले में 200 की मौत; रूस ने सीजफायर करवाया

अजरबैजान ने 24 घंटे तक चली झड़प के बाद नागोर्नो-कारबाख इलाके पर वापस कब्जा कर लिया है। गुरुवार को अजरबैजान के राष्ट्रपति ने इसकी घोषणा की। अलगाववादियों की फोर्स के सरेंडर के बाद उन्होंने सेना के जज्बे की तारीफ की। अजरबैजान ने 19 सितंबर को आर्मेनिया के नागोर्नो-कारबाख इलाके में सेपरेटिस्ट्स के खिलाफ हमला कर दिया था। अजरबैजान का कहना था कि ये लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक नागोर्नो-कारबाख के अलगाववादी सरेंडर नहीं कर देते।

### आर्मेनिया के अधिकारी बोले- झड़प में 32 लोग ही मारे गए

बीबीसी के मुताबिक, आर्मेनिया की तरफ से कोई सहायता नहीं मिलने के बाद काराबाख में मौजूद सेपरेटिस्ट्स ने सरेंडर कर दिया। आर्मेनियन अधिकारियों के मुताबिक हमले में 7 नागरिकों सहित 32 लोगों की मौत हो गई और 200 लोग घायल हुए हैं। वहीं आर्मेनिया सेपरेटिस्ट के



ह्यूमन राइट्स अधिकारियों के मुताबिक हमले में करीब 200 लोगों की मौत हुई है, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालांकि, इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं हुई है। अजरबैजान के मुताबिक सीजफायर से पहले उनकी सेना ने अलगाववादियों के करीब 90 ठिकानों पर कब्जा कर लिया था।

### रूसी पीसकीपर्स ने कराया समझौता

20 सितंबर को रूस पीसकीपर्स के जरिए दोनों पक्षों के बीच सीजफायर समझौता हुआ। यह समझौता अजरबैजान की शर्तों पर हुआ। इसके बाद से अजरबैजान की सेना ने आर्मेनिया पर अपने सैन्य ऑपरेशन को रोक दिया है। समझौते के लेकर दोनो पक्षों की पहली मीटिंग 21 सितंबर को अजरबैजान के येवलाख शहर में होगी। समझौते के मुताबिक, कारबाख फोर्स को भंग करके उनके हथियार जब्त किए जाएंगे।
इसके अलावा इलाके से आर्मेनिया की सेना को भी पीछे हटने के लिए कहा गया है। हालांकि, आर्मेनिया की सरकार ने दावा किया है कि उनकी सेना कभी भी कारबाख क्षेत्र में तैनाती ही नहीं थी। हमले के बाद आर्मेनिया की राजधानी येरेवान में प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। लोगों ने पाशिनयान से स्थिति न संभाल पाने के बाद इस्तीफा की मांग की। सुरक्षाबल और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

### रूस-अमेरिका ने सैन्य ऑपरेशन रोकने को कहा था

दोनों देशों के बीच पहले भी समझौता करा चुके रूस ने हमले की निंदा की थी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि हम दोनों देशों से खून-खराबा रोकने, दुश्मनी खत्म करने और नागरिकों को बचाने का आग्रह करते हैं। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अजरबैजान से अपने सैन्य ऑपरेशन को तुरंत रोकने की अपील करते हुए कहा था कि विवाद का शांतिपूर्ण हल ढूंढने के लिए जरूरी है कि अजरबैजान स्थिति को और खराब न करे।

# यूक्रेन को हथियार नहीं देगा पोलैंड

## जेलेंस्की बोले- कुछ देश साथ देने का सिर्फ दिखावा कर रहे

एजेंसी

रूस-यूक्रेन जंग में यूक्रेन के सबसे बड़े साथी पोलैंड ने उसे हथियार सप्लाई न करने की घोषणा की है। पोलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा है कि वो यूक्रेन को हथियार देने की जगह अपने देश में ज्यादा मॉडर्न और एडवांस वेपेन जुटाने पर फोकस करेंगे। दरअसल पोलैंड और यूक्रेन में अनाज के एक्सपोर्ट को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है।
बीबीसी के मुताबिक, मंगलवार को ह में जेलेंस्की ने बिना नाम लिए पोलैंड पर तंज कसा था।
उन्होंने कहा था कुछ देश दुनिया के सामने यूक्रेन का साथ देने का दिखावा करते हैं। पोलैंड ने जेलेंस्की के इस आरोप को खारिज करते हुए कहा था



कि उन्होंने जंग के पहले दिन से यूक्रेन का साथ दिया है।

### यूक्रेन-पोलैंड के बीच अनाज एक्सपोर्ट पर विवाद क्यों हैं

दरअसल, अनाज को लेकर ये विवाद तब शुरू हुआ जब रूस के साथ जंग की वजह से ब्लैक सी के जरिए अनाज एक्सपोर्ट के रास्ते को बंद करना पड़ा। इसके बाद यूक्रेन का अनाज दुनियाभर के कई देशों में न जाकर सेंट्रल यूरोप के मुल्कों में रह गया।
इसकी वजह से यूरोप के कई देशों के किसान परेशान हो गए, क्योंकि यूक्रेन से अनाज आने की वजह से उनके अपनी फसल की कीमत बेहद कम हो गई।
इसे देखते हुए यूरोपियन यूनियन ने बुल्गारिया, हंगरी, पोलैंड, रोमानिया और स्लोवाकिया में अनाज के इम्पोर्ट पर बैन लगा दिया।
ये बान 15 सितंबर को खत्म हो गया था। हालांकि, किसानों के हित में फैसला लेते हुए पोलैंड, हंगरी और स्लोवाकिया ने ये पाबंदियां जारी रखीं। इससे यूक्रेन का अनाज बर्बाद होने लगा।

### इराकी सेना के हवाई हमले में चार आईएस आतंकवादी ढेर

बगदाद । इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में सेना के हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के चार आतंकवादी मारे गये हैं। इराकी सेना के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इराकी लड़ाकू विमानों ने मंगलवार को बगदाद से करीब 250 किमी उत्तर में स्थित किर्कुक प्रांत की राजधानी किरकुक के दक्षिण-पश्चिम मंह वाडी ज़घाइटून के ऊबड़-खाबड़ इलाके में आईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किये। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध मीडिया सेल की ओर से जारी बयान के मुताबिक हवाई हमले खुफिया रिपोर्टों के आधार पर किये गये थे। बयान में कहा गया कि गुरुवार की सुबह सेना और खुफिया बल बमबारी स्थल पर पहुंचा , जहां आईएस आतंकवादियों के चार शव पाये गये।

### पाकिस्तान में आगामी जनवरी में होंगे आम चुनाव

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान चुनाव आयोग ने आगामी जनवरी के अंतिम सप्ताह में देश में आम चुनाव कराये जाने की गुरुवार को घोषणा की। चुनाव आयोग ने आज यहां अपने बयान में कहा कि नयी जनगणना के अनुरूप तैयार की जा रही परिसीमन की प्रारंभिक सूची, 27 सितंबर को प्रकाशित की जायेगी। परिसीमन प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा के बाद इससे संबंधित आपत्तियों और सुझावों को सुनने के बाद निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची 30 नवंबर को प्रकाशित कर दी जायेगी। बयान में कहा गया है कि इसके बाद, 54 दिवसीय चुनाव कार्यक्रम पूरा होने के बाद जनवरी 2024 के आखिरी सप्ताह में चुनाव होंगे। आयोग के बयान के परिप्रेक्ष्य में देश में चुनावों को लेकर अंततः अनिश्चितता को समाप्त हो गयी है। इससे पहले पिछली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नेतृत्व वाली सरकार के नयी जनगणना को मंजूरी देने निर्णय से चुनावी निकाय को चुनाव कराने से पहले नया परिसीमन करने के लिए बाध्य किया था, जिससे चुनाव में अनुचित देरी की आशंका पैदा हो गई थी।

### श्रीलंका में पर्यटक होटलों की न्यूनतम दरों का निर्धारण

कोलंबो । श्रीलंका ने कोलंबो नगर परिषद (सीएमसी) क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में स्थित पर्यटक होटलों के लिए न्यूनतम दरों के निर्धारण को लेकर असाधारण गजट जारी किया है। श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण (एसएलटीडीए) की अध्यक्ष प्रियंता फर्नांडो ने बताया कि नयी दरें आगामी एक अक्टूबर लागू होंगी। नयी दरें पांच सितारा पर्यटक होटल -100 अमेरिकी डॉलर, चार सितारा पर्यटक होटल -75 डॉलर, तीन सितारा पर्यटक होटल -50 डॉलर, दो सितारा पर्यटक होटल -35 डॉलर और एक सितारा पर्यटक होटल के लिए 20 डॉलर निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि दरों में सेवा शुल्क और अन्य लागू कर, शुल्क या प्रदान की गयी किसी भी अन्य सेवा के लिए लगाये गये शुल्क शामिल नहीं हैं। श्री फर्नांडो ने कहा कि गजट में उन लोगों के लिए भोजन की दरें भी निर्धारित की गयी हैं जिन्होंने कमरे बुक किये हैं।

### बंगलादेश में डेंगू के 3,015 नए मामले

ढाका। बंगलादेश में डेंगू के 3,015 नए मामले सामने आए हैं और 21 लोगों की मौत हुयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने बताया कि बुधवार को नए मामले सामने आने से इस वर्ष अब तक डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 1,76,810 हो गयी है और मृतकों की संख्या बढ़कर 850 तक पहुंच गयी है। इससे पहले, डीजीएचएस ने दो सितंबर को ने 21 मरीजों की मौत की सूचना दी थी। डीजीएचएस आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 53,002 मामले दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने बताया कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 1,65,680 है, जिसमें पिछले 24 घंटों में 2,833 नए मरीज ठीक हुए हैं। उल्लेखनीय है कि जून-सितंबर की मानसून अवधि में देशभर में डेंगू बुखार का प्रकोप देखा जा रहा है।

### अमेरिका में यूएडब्ल्यू की हड़ताल जारी

शिकागो। अमेरिका में मिशिगन प्रांत के डिट्रायट महानगर में स्थित यूनाइटेड ऑटो वर्कर्स की तीन बड़ी वाहन निर्माताओं के खिलाफ हड़ताल छठें दिन भी जारी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जनरल मोटर्स कंपनी मिसौरी में अपने वेंट्ज़विले असेंबली प्लांट पर यूएडब्ल्यू की हड़ताल के कारण कैनसस में अपने फेयरफैक्स प्लांट में कामकाज निष्क्रिय हो गया है। डेट्रॉइट न्यूज़ ने बुधवार को जनरल मोर्टर के बयान के हवाले से कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वेंट्ज़विले असेंबली में हड़ताल के आह्वान के यूएवी के फैसले का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह छंटनी वेंट्ज़विले के स्टैम्पिंग परिचालन द्वारा फेयरफैक्स को आपूर्ति किए गए स्टैम्प्ड भागों की कमी के कारण हुई है। नौकरी से निकाले जाने पर कर्मचारियों को कंपनी से पूरक वेतन नहीं मिलेगा। फोर्ड मोटर कंपनी और स्टेलेंटिस एनवी को भी इसी तरह की समस्या का सामना करना रहा है। स्टेलेंटिस ने बुधवार को कहा कि ओहियो में अपने टोलेडो जीप संयंत्र में यूएडब्ल्यू की हड़ताल के कारण वह अपने मशीनिंग संयंत्र से 68 कर्मचारियों को तुरंत निकाल दिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### भारत माता की जय बोलकर तहलका मचाने आ रहे हैं प्रिंस सिंह राजपूत, ट्रेलर लॉन्च




वो कौन इंसान होगा जिसे अपने देश से प्रेम नहीं होगा . ! या फिर वो कौन सा इंसान होगा जो भारत माता की जय का नारा सुनने के बाद भी देशभक्ति के रंग में सराबोर नहीं होगा । ठीक उसी तरह के देशभक्ति के रंग में रंगे और पूरे भारतवर्ष को हर्षोल्लास में डूबा देने के लिए अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत भारत माता की जय का ट्रेलर लेकर हाज़िर हुए हैं । इस ट्रेलर में यही दिखाया गया है कि पाकिस्तानी आतंकवादी किस तरह से हमारे देश मे घुसकर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में लगे रहते हैं । वहीं उनके आका पाकिस्तान से ही उन्हें निर्देशित करते रहते हैं । उन आतंकवादियों के नापाक इरादों को भारतीय सीमा में किस प्रकार से न्यूट्रलाइज किया जाता है यही इस फ़िल्म की कहानी है । काफी खतरनाक एक्शन व कर्णप्रिय गीत संगीत के साथ इस फ़िल्म में रोमाँच और रोमांस का तड़का भी देखने को भरपूर मिलेगा, जिसकी पूरी संभावना है । पाकिस्तानी आतंकवादी सरदार के चरित्र में सुशील सिंह ने जबरदस्त काम किया है । उन्होंने दिखाया है कि उनके अभिनय कौशल का सही से सदुपयोग किया जाए तो वे कठिन से कठिन किरदारों को भी सुगमतापूर्वक कर गुजरेंगे ।

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सभा घोघरा में निकाला गया मिट्टी कलश यात्रा

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**बलरामपुर।** विकासखंड रेहरा बाजार के अंतर्गत ग्राम पंचायत घोघरा में आजादी की अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन खंड विकास अधिकारी रेहरा सुमित सिंह के नेतृत्व में किया गया जिसमें क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी, ग्राम पंचायत अधिकारी मनीष राय, ग्राम प्रधान राजकरण वर्मा युवक मंगल दल अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव मंगल दल अध्यक्ष नया नगर संदीप विश्वकर्मा गांव के लोगों और महिलाओं के साथ माटी का कलश लेकर गांव में यात्रा निकाली गई जिसमें दर्जनों घरों के मिट्टी इकट्ठी की उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर देश में इस समय तिरंगा यात्रा के साथ मेरा माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है भारत की अमर शहीदों की योगदान का स्मरण करने तथा नई पीढ़ी को देश के शहीदों से परिचय करवाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया जा रहा है देश तभी महान बनता है जब उसकी सांस्कृतिक विरासत महान होती है इस तिरंगा यात्रा के अंतर्गत अमृत कलश लेकर घर-घर जाकर मिट्टी इकट्ठा करके कलश के माध्यम से उसे लखनऊ एवं दिल्ली भेजा जाएगा इस मौके पर ग्राम प्रधान राजकरण वर्मा मनीष यादव सुरेंद्र कुमार वर्मा धर्मेंद्र वर्मा सुखराज वर्मा आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

### अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



बलरामपुर। कोतवाली गैसड़ी पुलिस टीम द्वारा 40 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक मूलचंद, सतेंद्र कुमार, सूरज पटेल, अनुज कुमार, राजदेव यादव एवं आबकारी निरीक्षक प्रमिला रावत तृतीत क्षेत्र तुलसीपुर बलरामपुर की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम भोजपुर थारू में आम के बगीचे में अभियुक्त नानबाबू पुत्र शिवपल्टन को गिरफ्तार कर थाना कोतवाली गैसड़ी पर धारा 60 (2) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

### ग्राम अदालत में 36 चकबंदी वादों का हुआ निस्तारण

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



बलरामपुर। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में विशेष अभियान न्याय चला जनता के द्वारा के अंतर्गत 36 चकबंदी वादों का हुआ निस्तारण जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा राजस्व एवं चकबंदी के वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने के लिए न्याय चला जनता के द्वारा नई पहल की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम स्तर पर ही ग्राम अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्याय चला जनता के द्वारा के अंतर्गत तहसील उतरौला के ग्राम मस्जिदिया में ग्राम अदालत का आयोजन किया गया। ग्राम अदालत में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ओम प्रकाश द्वारा 11 वाद, चकबंदी अधिकारी द्वारा 21 वाद, सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा 04 वाद का निस्तारण किया गया। ग्राम अदालत में कुल 36 चकबंदी वादों का निस्तारण किया गया।

### घरेलू विमान यात्रियों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 38.27 प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली। इस साल के बीते आठ महीनों में देश के घरेलू विमान यात्रियों की संख्या तकरीबन 12 करोड़ हो गयी जो बीते साल की इस अवधि में हवाई यात्रियों की संख्या से 38 प्रतिशत अधिक है। नागर विमानन मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि घरेलू विमानन उद्योग ने 2023 के पहले आठ महीनों के दौरान यात्री यातायात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। नवीनतम डेटा विश्लेषण के अनुसार, जनवरी से अगस्त 2023 तक घरेलू एयरलाइनों द्वारा यात्रियों की संख्या 11 करोड़ 90 लाख 62 हजार तक पहुंच गई, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 38.27 प्रतिशत की वृद्धि है। नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष अगस्त के महीने में 23.13 प्रतिशत की मासिक वृद्धि देखी गई, जिसमें यात्री संख्या 148.27 लाख तक पहुंच गई। यात्री वृद्धि का रुझान उद्योग में आ रही मजबूती, लचीलेपन और वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों से उबरने के संकेत देता है। मंत्रालय के अनुसार यात्री यातायात में प्रभावशाली वृद्धि के बावजूद, यह ध्यान देने योग्य है कि अगस्त में घरेलू एयरलाइनों के लिए कुल रद्दीकरण दर मात्र 0.65त्न थी। अगस्त 2023 के दौरान, घरेलू एयरलाइनों को कुल 288 यात्री-संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं, प्रति 10,000 यात्रियों पर लगभग 0.23 शिकायतों की शिकायत दर थी।

# पत्रकारिता का पतन : एक साझा जिम्मेदारी!

द हरिश्चंद्र

आज के तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य में पत्रकारिता की स्थिति चिंता का विषय बन गई है। कई लोग पत्रकारिता की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सत्यनिष्ठा में कथित गिरावट पर अफसोस जताते हैं। जबकि पत्रकार निस्संदेह पत्रकारिता के सिद्धांतों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि पत्रकारिता की स्थिति की जिम्मेदारी केवल उनके कंधों पर नहीं है। मीडिया पारिस्थितिकी तंत्र में उपभोक्ताओं और प्रतिभागियों के रूप में जनता भी पत्रकारिता के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाती है। यह एक साझा जिम्मेदारी है, और चुनौतियों से निपटने और एक स्थायी और मजबूत पत्रकारिता पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में काम करने के लिए पत्रकारों और जनता दोनों की भूमिका को समझना आवश्यक है।

#### पत्रकार की भूमिका

पत्रकार परंपरागत रूप से सूचना के द्वारपाल रहे हैं, जिनका काम जांच करना, रिपोर्टिंग करना और जनता के सामने समाचार प्रस्तुत करना है। वे सत्य की खोज करने, सटीकता सुनिश्चित करने और नैतिक मानकों को बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाते हैं। पत्रकार लोकतंत्र के संरक्षक हैं, जो सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह बनाते हैं और समाज को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं। हालाँकि, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि ऐसे उदाहरण हैं जहाँ पत्रकार इन आदर्शों से पीछे रह गए हैं, दबावों, पूर्वाग्रहों के आगे झुक गए हैं, या ईमानदारी से समझौता कर लिया है। इन मामलों ने निस्संदेह पत्रकारिता में जनता के विश्वास को कम करने में योगदान दिया है। बहरहाल, यह समझना महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के कार्यों से कई पत्रकारों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और व्यावसायिकता पर असर नहीं पड़ना चाहिए जो उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना जारी रखते हैं।

#### जनता की भूमिका

समाचार के उपभोक्ता के रूप में जनता, मीडिया परिदृश्य को आकार देने में अपार शक्ति रखती है। सोशल मीडिया और नागरिक पत्रकारिता के युग में, व्यक्ति समाचार प्रसार और उपभोग में सक्रिय भागीदार बन गए हैं। हालाँकि, इस नई शक्ति के साथ प्रस्तुत की गई जानकारी के साथ आलोचनात्मक ढंग से जुड़ने की जिम्मेदारी भी आती है। हालांकि यह सच है कि कुछ मीडिया आउटलेट्स द्वारा गलत सूचना और सनसनीखेज फैलाया जा सकता है, जनता के लिए विवेक का प्रयोग करना और विश्वसनीय स्रोतों की तलाश करना आवश्यक है। विश्वसनीय पत्रकारिता का समर्थन करके, प्रतिष्ठित समाचार आउटलेट्स की सदस्यता लेकर और सटीक जानकारी साझा करके, जनता एक स्वस्थ मीडिया वातावरण में योगदान कर सकती है।

#### मीडिया साक्षरता और सहभागिता

जनता की ज़िम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण पहलू मीडिया साक्षरता कौशल विकसित करना है। मीडिया साक्षरता व्यक्तियों को समाचार सामग्री का आलोचनात्मक विश्लेषण, मूल्यांकन और व्याख्या करने का अधिकार देती है। पत्रकारिता प्रथाओं पर खुद को शिक्षित करके, तथ्य-जांच और पूर्वाग्रहों को समझकर, व्यक्ति समाचार स्रोतों की विश्वसनीयता और विश्वसनीयता के बारे में सूचित निर्णय ले सकते हैं। इसके अलावा, पत्रकारों और समाचार संगठनों के साथ रचनात्मक बातचीत में शामिल होने से पारदर्शिता, जवाबदेही और मीडिया और जनता के बीच मजबूत रिश्ते को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

#### गुणवत्तापूर्ण पत्रकारिता का समर्थन

वित्तीय स्थिरता पत्रकारिता का एक और महत्वपूर्ण पहलू है। जैसे-जैसे मीडिया परिदृश्य महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजर रहा है, पारंपरिक राजस्व मॉडल बाधित हो गए हैं।

विज्ञापन राजस्व कम हो गया है, जिसके कारण बजट में कटौती, छँटनी और पत्रकारिता की गुणवत्ता में संभावित समझौता हुआ है।

इसका प्रतिकार करने के लिए, जनता प्रतिष्ठित समाचार आउटलेट्स की सदस्यता लेकर, डिजिटल सामग्री के लिए भुगतान करके, या गैर-लाभकारी समाचार संगठनों को दान करके सक्रिय रूप से गुणवत्तापूर्ण पत्रकारिता का समर्थन कर सकती है। ऐसा करके, व्यक्ति पत्रकारिता की वित्तीय व्यवहार्यता में योगदान करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि पत्रकारों के पास उच्च गुणवत्ता वाली, स्वतंत्र रिपोर्टिंग करने के लिए संसाधन और स्वतंत्रता है।

कुल मिलाकर, पत्रकारिता की गिरावट के लिए केवल पत्रकारों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जहां वे पेशेवर मानकों और नैतिकता को बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाते हैं, वहीं जनता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आलोचनात्मक ढंग से संलग्न होकर, मीडिया साक्षरता को बढ़ावा देकर और प्रतिष्ठित समाचार आउटलेटों का समर्थन करके, व्यक्ति पत्रकारिता के पुनरुद्धार में योगदान दे सकते हैं। एक जीवंत और मजबूत मीडिया पारिस्थितिकी तंत्र के लिए पत्रकारों और जनता के बीच साझेदारी की आवश्यकता होती है, जो सटीक, विश्वसनीय और सार्थक जानकारी के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करते हैं।

केवल सामूहिक प्रयासों से ही हम चुनौतियों से निपट सकते हैं और एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं जहां पत्रकारिता लोकतंत्र के स्तंभ और सकारात्मक बदलाव के लिए एक आवश्यक शक्ति के रूप में विकसित हो।

## 'द राइज ऑफ़ सुदर्शन चक्र' श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के जीवन की सच्ची कहानी

द राइज ऑफ़ सुदर्शन चक्र श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के जीवन की सच्ची कहानी पर आधारित एक सत्य कथा है । फिल्म एक ऐसे सच्चे ईश्वर को दर्शाती है जो साधारण अग्रवाल परिवार में हरियाणा के एक छोटी से शहर रोहतक में 1923 में जन्म, जिसकी मां 4 वर्ष की उम्र में चल बसी, लालन पालन की प्रमुख जिम्मेदारी बाबा ने निभाई और एक दिन बाबा भी घर छोड़कर संयासी बन गए, जवानी में बचपन का जिगरी दोस्त भी एक दुर्घटना में गुजर गया । जिन घटनाओं से लाए जीवन बिखर जाता है वहां बालक ईश्वर का जीवन निखर कर रहा था। इस सब वियोगो के बीच अपने मजबूत संकल्प और और निश्चय से ईश्वर भी सुदर्शन मुनि बन गया।



एक ऐसा सन्यासी जो पूरे जीवन नंगे पैर पैदल ही चला रहा, जिसका ना कोई अपना घर था, ना कोई परिवार, ना कोई मकान, ना कोई दुकान, ना कोई आश्रम, ना कोई मठ । पूरे जीवन भर घरों में भिक्षा में भोजन और वस्त्र लिए परंतु जिनकी एक झलक पाने के लिए एक, आवाज सुनने के लिए, लाखों भक्त इंतजार करते थे अपना जीवन महान तो बनाया ही साथ में लाखों लोगों को दुखों के दलदल से निकलने का रास्ता दिखाया।

बचपन से ही साधारण प्रतिभा और याददाश्त धनी मुनि सुदर्शन ने अपनी सेवा और विनय से सबका दिल जीत लिया, 11 भाषाएं सीख ली, हजारों ग्रंथ पढ़ डाले, लाखो लोग उनके दीवाने भक्त बन गए। उन्होंने अपना ध्यान केवल साधना गुरु सेवा और समाज सेवा पर केंद्रित रखा। उन्होंने बड़े-बड़े पदो की पेशकश भी ठुकरा दी अपने गुरु के निधन के बाद समाज के आग्रह पर आचार्य पद की जिम्मेदारी समाज सेवक बन कर निभाई। स्वयं को नाम और सम्मान की इच्छा से दूर रखा। अपने साधु जीवनकाल में ना कोई अपनी फोटो लेने दी और ना ही वीडियो बनाने दी। सोशल मीडिया से भी दूरी बनाए रखी।

ऐसे महान पुरुष के जीवन को जन जन तक पहुंचने के लिए श्री अनिल कुलचेनिया जी के निर्देशन में एक फिल्म द राइज आफ सुदर्शन चक्र 22 सितंबर 2023 को भारतवर्ष के प्रमुख शहरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म हर उम्र के लोगों के लिए एक पारिवारिक फिल्म है इस फिल्म में श्री सुधाकर शर्मा जी द्वारा लिखित गानों को अपनी मधुर आवाज दी गई है। उदित नारायण, अनुराधा पोडवाल, सुदेश भोसले और सुरेश वाडेकर ने और सतीश देहरा जी ने इस संगीत को सुसज्जित किया है। फिल्म का कुशल निर्देशन और पटकथा ले काका देखा गायत्री अनिल कुलचे नया जी ने।

फिल्म शत प्रतिशत दर्शकों की अपेक्षाओं को पूर्ण करेंगी इस फिल्म से बच्चों के चरित्र निर्माण, राष्ट्रवाद, सनातन व श्रमण संस्कृति को पुरजोर बल मिलेगा । यह फिल्म सुदर्शन चक्र के वास्तविक स्वरूप को भी पेश करने में कामयाब साबित होगी।

### आशा कार्यकर्ताओं की मांगों का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजें: सीटू अध्यक्ष

श्रीनगर। सेंटर ऑफ ट्रेड यूनियंस (सीटू) के अध्यक्ष एमवाई तारिगामी ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा) कार्यकर्ताओं की वास्तविक मांगों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने का गुरुवार को आग्रह किया। श्रीनगर में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, श्री तारिगामी ने प्रशासन से कई प्रकार के कार्य कर रही आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनने का आग्रह किया जिन्हें उचित वेतन और वैध अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना कर्मियों को नियमित करने और उन्हें न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के दायरे में लाने सहित 45वें और 46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर आशा कार्यकर्ता पिछले एक महीने से क्षेत्र के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। सीटू अध्यक्ष ने यह भी मांग की कि आशा कार्यकर्ताओं को पेंशन सहित सभी सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान किये जाने चाहिए। उन्होंने प्रशासन से आशा कार्यकर्ता संघ के प्रतिनिधियों से बात करने और बिना किसी देरी उनकी वास्तविक चिंताओं का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने का आग्रह किया।

## अंबाजी में गब्बर पर्वत पर 'पर्वत पवित्रता अभियान' शुरू

गांधीनगर। गुजरात पवित्र यात्राधाम विकास बोर्ड (जीपीवायवीबी) ने अंबाजी में 23 सितंबर से शुरू होने वाले भाद्रपदी पूर्णिमा मेले से पहले गब्बर पर्वत पर 'पर्वत पवित्रता अभियान' शुरू कर दिया है।

सरकारी सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण क़दम उठाते हुए राज्य में उन पर्वतों पर स्वच्छता अभियान चलाने को मंज़ूरी दी है, जहाँ प्रसिद्ध यात्राधाम हैं और लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं। राज्य सरकार के उपक्रम जीपीवायवीबी ने श्री पटेल के समक्ष धार्मिक यात्राधामों से युक्त पर्वतों की पवित्रता बनाए रखने के लिए वहाँ स्वच्छता अभियान चलाने का प्रस्ताव किया था, जिसे उन्होंने मंज़ूरी दी है। मुख्यमंत्री की ओर से स्वीकृति मिलते ही जीपीवायवीबी ने अंबाजी में 23 सितंबर से शुरू होने वाले भाद्रपदी पूर्णिमा मेले से पहले गब्बर पर्वत पर 'पर्वत पवित्रता अभियान' प्रारंभ कर दिया है।

इतना ही नहीं, नवरात्रि के प्रारंभ होने से पहले पावागढ़ और गिरनार पर्वतों पर भी बड़े पैमाने पर सफ़ाई कार्य शुरू किया जाएगा।

जीबीवायवीबी के सचिव आर. आर. रावल ने कहा कि लम्बे समय से प्रतीत हो रहा था कि अंबाजी, पावागढ स्थित महाकाली मंदिर तथा गिरनार तीर्थ जैसे तीर्थधाम अरवल्ली, पावागढ और गिरनार पर्वतों पर होने के कारण इन पवित्र तीर्थधाम परिसरों की सफाई संभव नहीं हो पाती थी। इस पर यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर के चौक से कूड़ा-कचरा सीधे पर्वतीय घाटी में फेंक दिया जाता है। पर्वतों पर इस प्रकार गंदगी होने के कारण पर्यावरण को भी हानि पहुँचती है और और पर्वतों की पवित्रता के साथ ही सम्बद्ध तीर्थस्थान की शोभा के विरुद्ध छवि उत्पन्न होती है। इसीलिए गुजरात पवित्र यात्राधाम विकास बोर्ड ने मुख्यमंत्री श्री पटेल के समक्ष इन पर्वतों पर स्वच्छता अभियान चलाने का प्रस्ताव किया है।

मुख्यमंत्री की ओर से इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के साथ ही बोर्ड ने उनके मार्गदर्शन में पहली बार पर्वतीय प्रदेश पर स्थित पवित्र तीर्थधाम परिसरों की स्वच्छता तथा आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों में कूड़ा-गंदगी साफ़ करने का व्यापक स्वच्छता अभियान शुरू करने का नूतन प्रयोग प्रारंभ किया है।

## अतिरिक्त कावेरी जल की तमिलनाडु की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को तमिलनाडु की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें प्रतिदिन 5000 क्यूबिक फुट प्रति सेकंड (क्यूसेक) से बढ़कर 7200 क्यूसेक पानी देने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कर्नाटक को तमिलनाडु के लिए प्रतिदिन 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने के निर्देश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

तमिलनाडु सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष एक आवेदन के जरिए पानी की मात्रा बढ़ाने का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु को पानी देने के कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेश में यह कहते हुए हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया कि प्राधिकरण इस मामले में हर 15 दिन में निगरानी कर रहा है।

पीठ ने यह भी कहा कि प्राधिकरण का यह आदेश खराब मानसून के कारण संकट की स्थिति, औसत प्रवाह और अन्य प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखते हुए पारित किया गया है।

पीठ ने तमिलनाडु द्वारा दायर याचिका का निपटारा करते हुए कहा, ये सभी विशेषज्ञ निकायों द्वारा तय किए गए अंतरिम उपाय हैं।

## पवन सिंह को लाखन सिंह के किरदार में लेकर आ रहे हैं जगदीश शर्मा, गोरखपुर में शुरू हुई शूटिंग

जगदीश शर्मा निर्देशित आनेवाली फ़िल्म लाखन सिंह का पोस्टर देखकर लग रहा है कि भोजपुरी फिल्मों में वही पुराना दौर लौट आया है । वो 1990 का एक दौर था जब हिंदी सिनेमा में डाकुओं के एक से बढ़कर एक किरदारों को मद्देनजर रखकर फिल्में बनाई जाती थीं । उसी दौर में एक फ़िल्म आई थी आज का अर्जुन जिसमें बॉलीवुड के जाने माने खलनायक किरण कुमार ने लाखन सिंह का किरदार निभाया था। आज पवन सिंह अभिनीत फिल्म लाखन सिंह के पोस्टर पर लुक देखकर उसी फ़िल्म की यादें



ताज़ा हो गईं । अब इस लाखन सिंह की कहानी क्या है यह तो आने वाले समय मे ही पता चल पाएगा लेकिन इसके पोस्टर से उसी 1990 के दौर की यादें ताज़ा होने लगती हैं । अब भोजपुरी फ़िल्म लाखन सिंह का विषय वस्तु क्या है यह तो आने वाले समय मे ही पता चल पाएगा, क्योंकि अभी फ़िल्म अपने शुरुआती दौर में है इसलिए निर्माता निर्देशक कहानी को लेकर जल्दी पब्लिक डोमेन में कोई खुलासा करने से बचना चाहते हैं । अब इस लाखन सिंह का फैंसला आगे आने वाले समय मे जनता की अदालत में होगा । जे वी डी फिल्म्स प्रोडक्शन्स के बैनर तले बन रही फिल्म लाखन सिंह के निर्माता हैं जगदीश शर्मा व इश्तखार शाह (दिलशाद) । कहानी मनोज पांडेय ने लिखी है व निर्देशक हैं खुद जगदीश शर्मा । फ़िल्म लाखन सिंह के संगीत निर्देशक हैं छोटे बाबा व आज़ाद सिंह । लाखन सिंह के फाइट मास्टर हैं दिलीप यादव वहीं सिनेमेटोग्राफी कर रहे हैं फिरोज खान । फ़िल्म लाखन सिंह के प्रचार प्रसार का जिम्मा संजय भूषण पटियाला का है ।

## महिला आरक्षण बिल कांग्रेस की देन, राजीव गांधी लाए थे : आरिफा बेकल उत्साही

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

उतरौला/बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी जिस महिला आरक्षण बिल पर वाह वाही लूट रही है। स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इसकी नींव आज से 34 साल पहले 1989 में उसे समय रख दी थी। जब उन्होंने स्थानीय चुनाव में इसे लागू करने की बात रखी थी। यह कहना बलरामपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष महिला आरिफा बेकल उत्साही का।

आरिफा बेकल उत्साही का कहना है। कि सत्ता में महिलाओं की भागीदारी का सपना राजीव गांधी ने देखा था। और उन्होंने पंचायत चुनाव में इसे लागू भी किया था ।

उसी सपने को सोनिया गांधी ने उसी वक्त साकार किया। जब 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए सरकार के



समय यह बिल राज्यसभा में पास किया गया। सोनिया गांधी के नेतृत्व में यह बिल डॉक्टर मनमोहन सिंह की सरकार ने राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पारित किया था ।

आरिफा बेकल उत्साही ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने साढ़े नौ साल के शासन में यह बिल की याद नहीं आई।

उन्हें जब दिखने लगा उनकी सरकार नहीं आने वाली तो उन्होंने इसे इवेंट मैनेजमेंट स्कीम की तरह पेश किया। ताकि महिलाओं की सहानुभूति बटोरी जा सके। आरिफा बेकल उत्साही रहती हैं।

कि देश की जनता जानती है ।भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है । क्योंकि यह सरकार 2021 की जनगणना करने में नाकाम रही है। ऐसे में बिना जनगणना के इस बिल के लागू होने का सवाल ही नहीं उठाता।

पहले जनगणना होगी उसके बाद परिसीमन होगा। तब कहीं जाकर कई साल बाद यह कानून लागू हो पाएगा। आरिफा बेकल उत्साही ने कहा ऐसे समय में भाजपा का चुनावी एजेंडा बताते हुए कहा भाजपा इस मुद्दे को अपने हित में भुनाना चाहती है। लेकिन ऐसा नहीं हो पाएगा।

### भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं पर लगाई रोक

नयी दिल्ली। भारत ने कनाडा के साथ बीते तीन दिनों से बढ़ते तनाव के बीच आज कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को अगली सूचना तक रोक लगा दी है। भारत में ऑनलाइन वीजा आवेदन और परमार्श केंद्र बीएलएस इंटरनेशनल ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित एक नोटिस में कहा है कि, भारतीय मिशन से महत्वपूर्ण सूचना परिचालन कारणों से अगली सूचना तक आज से भारतीय वीज़ा सेवाओं पर रोक लगा दी है। कृपया आगे की जानकारी के बीएलएस वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। उल्लेखनीय है कि हाल ही में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संबंध में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों के तीन दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।

## वृहद भारत संघ बनाने के लिए मगध फाउंडेशन सरकार को देगा प्रस्ताव

एजेंसी

नयी दिल्ली। मगध फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने गुरुवार को यहां कहा कि प्राचीन काल से भारत की संस्कृति और राजनीति के साझेदार रहे, पड़ोसी क्षेत्रों के साथ एक वृहद भारत संघ बनाकर सहयोग बढ़ाने के लिए फाउंडेशन सरकार को प्रस्ताव देगा।

इसमें एकीकृत सैन्यबल गठित करने का भी विचार है। राजधानी में मगध फ़ाउंडेशन की तीसरी राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के समापन परत्रिपाठी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए प्रत्येक देश की स्वतंत्रता को छीने बिना, हमें इन सभी देशों को एक साथ लाकर एक साझा सांस्कृतिक संगठन और एक साझा विदेश नीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की मगध फाउंडेशन 250 ई0 पूर्व मगध साम्राज्य का हिस्सा रहे, पड़ोसी देशों के साथ मिलकर एक ग्रेटर इंडिया फेडरेशन (वृहद् भारत संघ) बनाने का प्रस्ताव भारत सरकार को सौंपेगा। त्रिपाठी ने कहा कि भविष्य में ग्रेटर इंडिया फेडरेशन के लिए एक एकीकृत सैन्य बल बनाने की भी योजना बनाई जाए। ग्रेटर इंडिया फेडरेशन की योजना सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने पर ध्यान देना है ताकि महासंघ के मित्र देशों जैसे कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बंगलादेश, म्यांमार (बर्मा) और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों की मदद की जा सके। ये देश भारत के साथ सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंध साझा करते हैं।